हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 7 दिसंबर 2025


तापमान

अधिकतम 29.4 डिग्री

न्यूनतम 9.8 डिग्री




12 शौर्य दिवस पर निकाली मशाल रैली, बताया विजय का क्षण





14 शिवपुरी में 29 से रामकथा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने पोस्टर का किया विमोचन









## खबर संक्षेप

### चाकू लहराने वाला पकड़ाया, भेजा जेल



**भिलाई।** चाकू लहराने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दशहरा मैदान संजय नगर सुपेला में लोहे का चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा है। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम मिनीमाता चौक सुपेला निवासी राज कुमार देशलहरे बताया है। युवक के पास से पुलिस ने धारदार मूठ लगा हुआ चाकू जब्त किया गया।

### मकान का ताला टूटा जेवरात और नकदी पार

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात व नगदी पार करने के मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि चालक अशोक बंजारे समेत परिवार के सभी लोग काम पर निकल जाते है। 4 दिसंबर की सुबह अज्ञात ने मकान का ताला तोड़कर मकान के तीनों आलमारी से सोना चांदी के जेवरात पार कर दिया। सभी काम से घर लौटने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। मकान के भीतर प्रवेश करते ही देखा सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। सोना चांदी के जेवरात व नगद 22 हजार रुपए मकान से गायब मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद चोरी की कोई जानकारी नहीं मिलने पर परिजनों ने शिकायत पुलिस से की। चोरी हुए सामानों की कीमत करीब 1.53 लाख रुपए की आंकी गई है।

### मरोदा में लगी आग घंटों के बाद पाया काबू

**भिलाई।** मकान में आग लगने की सूचना पर मौके पर दमकल वाहन तुरंत पहुंचा। घटना उतई थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की रात स्टेशन मरोदा के मकान में अचानक आग लग गई। मकान धनंजय कुमार का है। सूचना पर अग्निशमन की एक दमकल मौके पर रवाना किया गया। दमकल कर्मियों ने तुरंत मकान के भीतर पड़े गैस सिलेंडर को बाहर निकाला। दमकल ने मकान के भीतर प्रवेश कर चारों ओर पानी का बौछार कर आग पर काबू पाया। मौके पर फायर कर्मी हीरामन ठाकुर ने मकान में घुसकर से गैस सिलेंडर बाहर निकाला।

ठिठुराती ठंड : इस सीजन में ट्विनसिटी का तापमान पहली बार इतना कम

# शीतलहर की आहट...ट्विनसिटी में पारा 10 डिग्री के नीचे आया, तीन डिग्री और गिरेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

इस साल के सर्द सीजन में पहली बार ट्विनसिटी का पारा शनिवार को 9.8 डिग्री सेल्सियस तक आ पहुंचा। उत्तर से काफी ज्यादा नम हवाएं आ रही है। जिसकी वजह से न्यूनतम तापमान में गिरावट जारी है। सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे यह तापमान आ गया है। हालांकि मौसम विभाग ने सप्ताहभर तक न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक और नीचे आने की संभावना जताई है। ऐसा हुआ तो आने वाले दिन में शहर कड़कड़ाती ठंड की चपेट में आ जाएगा।



### उत्तर-मध्य छत्तीसगढ़ शीतलहर की चपेट में

मौसम विभाग ने उत्तर-मध्य छत्तीसगढ़ में शीतलहर चलने की चेतावनी दी है। यह शीतलहर रविवार से ही शुरू हो जाएगा। शनिवार की सुबह ही भिलाई दुर्ग में ठंडी हवाएं चल रही थी। सूयदेव के निकलने के बाद भी हवाएं चलती रही। पूरे दिन भी लोगों को ठंड का एहसास हुआ। शाम होते ही स्थिति और भी विकट हो गई। कड़ाके की ठंड लगनी शुरू हो गई। इस सर्द मौसम में रात होते ही आवाजाही कम दिखाई देने लगी है।

### पारा गिरने के साथ कोहरा की आगोश में शहर, सुबह के समय विजिबिलिटी कम

मौसम विभाग के हिसाब से हवा की दिशा सामान्य बहाव में हैं। यह सीजन में आम बात है। हर साल की तरह दिसंबर का महीना सर्दी हवाओं को और लेकर आता है। इसलिए आने वाले दिनों में सर्द हवाएं और तेज होने के आसार बन रहे हैं। मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा बताते हैं कि पारा गिरने की वजह से धुंध और कोहरा की स्थिति बनती है। जो अलसुबह वातावरण में दिखाई देगी।

### जलने लगे जगह-जगह अलाव, ठंड से दे रहे राहत

ट्विनसिटी के लोग ठंड से राहत पाने के लिए जगह-जगह अलाव जलाने लगे हैं। ये दृश्य बाजारों में और चौक-चौराहों पर दिखने लगा है। हालांकि भिलाई व दुर्ग निगम ने अभी तक आम लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की शुरूआत नहीं की है। दोनों की निगम हर साल पारा गिरने पर अलाव की सुविधाएं पहुंचाती रही है। खासकर श्रमिक इलाकों में लोगों को ठंड से दिक्कतें आनी शुरू हो गई है। लोग बिना गर्म कपड़े के बाहर नहीं निकल सकते।

### सेहत पर पड़ने लगा विपरीत प्रभाव

अचानक ठंड बढ़ने का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। लोगों को सर्दी, खांसी और बुखार जैसी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। अस्पतालों व क्लिनिकों में इस सीजनल बीमारी के मरीज ज्यादा संख्या में इलाज करवाने पहुंच रहे हैं। डॉक्टर इस मौसम में लोगों को सर्तक रहने की भी सलाह दे रहे हैं। खासकर छोटे बच्चों को इस मौसम से बचाने की विशेष जरूरत है।

# रेलवे ट्रैक पार करती महिला ट्रेन की चपेट में आई, मौत

**भिलाई।** रेलवे ट्रैक को पार करते एक महिला ट्रेन हादसे में मौत हो गई है। घटना देवबलौदा चरोदा क्षेत्र की है। जीआरपी चरोदा ने बताया कि जी केबिन चरोदा निवासी पी रोजा नामक महिला अपने पति और अन्य लोगों के साथ स्टेशन छोड़ने देव बलौदा चरोदा के ट्रैक को पार कर रही थी। पति समेत अन्य लोग ट्रैक को पार कर चूके थे। लेकिन रोजा मोबाइल फोन में बात करते हुए ट्रैक पार कर रही थी। इस दौरान ट्रैक पर धड़धड़ाती हुई ट्रेन आ गई। हादसे में रोजा को चपेट में लिया। ट्रेन आने तक का आभास फोन में बात करने के चलते उसे समझ नहीं आया। ट्रेन ने महिला को करीब सौ मीटर तक घसीटते हुए अपने साथ लेकर चली गई। घटना उसके पति के सामने हुई है। महिला का शव टैक पर बिखरा पड़ा मिली। सूचना पर जीआरपी पहुंची और शव का चादर में समेटते हुए उसे पीएम के लिए मरचूरी में भेज दिया। रोजा के दो बच्चें भी है।

### जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# आरक्षक ने मंत्रालय कर्मचारी के साथ की मारपीट, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे विधि व विधायी विभाग के वाहन चालक के साथ पुलिस कर्मी द्वारा जबरन मारपीट करने का मामला सामने आया है।

- पीड़ित शासन के विधि व विधायी विभाग में चालक
- मोहन नगर पुलिस ने किया अपराध कायम

शिकायत के बाद पुलिस ने कर्मी के खिलाफ धारा बीएनएस की धारा 296, 351(3) और 115(2) के तहत अपराध कायम किया है।मोहन नगर पुलिस ने बताया कि नया रायपुर सेक्टर-27 निवासी जितेंद्र वर्मा मंत्रालय के विधि एवं विधायी विभाग में वाहन चालक हैं। 2 दिसंबर को शादी समारोह में शामिल होने दुर्ग आया था। 5 दिसंबर की रात जितेन्द्र अपने दोस्त छबिलाल वैष्णव के साथ शंकर नगर स्थित कुर्मी भवन में मित्र की शादी में पहुंचा। शादी समारोह के दौरान आरक्षक केशव प्रसाद साहू द्वारा मंत्रालय के चालक के साथ बिना कारण मारपीट कर दिया। आरक्षक ने जितेन्द्र पर बिना कारण के शराब पबीने का आरोप लगा कर गाली गलौज भी किया। पीड़ित के शिकायत में बताया कि आरक्षक केशव प्रसाद साहू गाली-गलौज कर जितेंद्र वर्मा पर हमला कर दिया। इसके अलावा हाथ-मुक्कों से भी मारपीट करता रहा।

बीच-बचाव करने पहुंचे छबिलाल पर भी आरक्षक ने हमला किया। घटना में जितेंद्र के चेहरे पर चोट आई। वहीं छबिलाल के दाहिने हाथ में चोट लगी है। वर्तमान में आरक्षक थाना रानीतराई में पदस्थ है। मोहन नगर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## जर्जर पानी टंकी में फंसे युवक को सुरक्षित निकाला



**भिलाई।** जर्जर पानी टंकी में फंसे दो युवकों को एसडीआरएफ टीम की मदद से पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाला है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि सेक्टर 6 स्थित जर्जर पानी टंकी है। पुलिस को सूचना मिली कि जर्जर पानी टंकी के उपर दो युवक चढ़े हुए है। टंकी से उतरते समय सीढ़ी के टूट जाने से एक युवक गिरकर घायल हो गया है। दूसरा टंकी में फंसा हुआ था। मौके पर भिलाई नगर पुलिस एवं डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। तुरंत घायल एलआईजी 76 कैलाश नगर जामुल निवासी अक्षत कुमार प्रसाद को अस्पताल पहुंचाया। जिसे शरीर के हाथ, पैर में गंभीर चोंट आई है। सूचना पुलिस ने परिजनों को दिया। टंकी में फंसे मैत्रीकुंज रिसाली (पीजी) सुमित भगत को एसडीआरएफ दुर्ग की टीम बुलाकर रेसक्यु कर सुरक्षरित उतारा गया। घटना के संके बारे में पुलिस पूछताछ कर जांच की जा रही है।

निगम ने भेजा 50106 रुपए का भेजा नोटिस

# किराया जमा नहीं करने पर दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

शहर में वर्षों से बकाया किराया जमा नहीं करने वालों पर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर इसे लेकर अभियान शुरू किया गया है। बाजार विभाग और अतिक्रमण अमले ने अग्रेसन चौक स्थित महात्मा गांधी मार्केट व्यस्थापक सहकारी समिति की दुकान को सील कर दिया।



निगम की जांच में पाया गया कि संबंधित दुकान पर कुल 50,106 रुपये का किराया लंबे समय से बकाया था। बार-बार नोटिस देने के बावजूद राशि जमा न करने पर निगम ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दुकान को सीलबंद कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि लाखों रुपये का बकाया कई दुकानदारों पर वर्षों से लंबित है।

कार्रवाई के तहत निगम की टीम अग्रेसन चौक स्थित महात्मा गांधी मार्केट पहुंची और संबंधित दुकान पर ताला जड़ दिया। निगम ने स्पष्ट किया कि अब बकाया किराया दबाकर रखने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाएगी। सीलिंग कार्रवाई में बाजार विभाग अधिकारी अभ्युदय मिश्रा, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार, सहायक राजस्व निरीक्षक ईश्वर वर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक शशिकांत यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### कमिश्नर बोले- अभियान लगातार चलेगा

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि निगम के मार्केट और गुमटियों का किराया दबाकर बैठे बकायादारों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी दुकानदारों को समय पर किराया जमा करने की अपील की, अन्यथा इसी प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।




# अध्यक्षों ने संभाली कमान, भूपेश ने जनविरोधी नीतियों का विरोध करने दी नसीहत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कांग्रेस के तीनों जिला संगठनों के अध्यक्षों दुर्ग शहर धीरज बाकलीवाल, ग्रामीण राकेश ठाकुर और भिलाई से मुकेश चंद्राकर ने कमान संभाल ली है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने पदभार ग्रहण कराने के बाद कुर्सी पर बैठाया। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा और जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष वासुदेव चंद्राकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि की गई। भूपेश बघेल ने कहा कि संगठन सृजन के तहत जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के 2 वर्ष का कार्यकाल जनता को हिटलर और अंग्रेजों के शासन की याद दिला दी। पूरे प्रदेश की संपदा, संपत्ति, कारखाने अडानी, अंबानी को देने की साजिश हो रही है। प्रदेश नहीं देश में बड़ी बड़ी कंपनी, यहां तक देश की रक्षा के क्षेत्र में कई निर्माण के कार्य अडानी और अंबानी को दिए जा रहे है। राहुल गांधी और कांग्रेस देश को बेचने का हमेशा विरोध करती रही है और करती रहेगी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अपने जिले में संगठन को मजबूत करें सभी वरिष्ठ छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं को साथ लेकर भाजपा की जन विरोधी नीतियों का विरोध करें।

## पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज भी हुए शामिल, धीरज बाकलीवाल, राकेश ठाकुर और मुकेश चंद्राकर ने ग्रहण किया पदभार

### कार्यकर्ताओं की पसंद का अध्यक्ष मिला : बैज

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने का कांग्रेस के इतिहास में पहली बार हुआ है कि जिला अध्यक्ष का पद कार्यकर्ताओं की पसंद और राय से आलाकमान द्वारा चुना गया है। आगे कांग्रेस अब मजबूती के साथ जिला स्तर पर विधानसभा स्तर पर ब्लॉक स्तर पर बूथ स्तर पर भाजपा के तानाशाही, हिटलर शाही निर्णय, बिजली बिल बढ़ोतरी जमीन की गाइडलाइन की दर में बढ़ोतरी, किसानों के मुद्दे युवाओं के मुद्दे प्रदेश में बढ़ते अपराध के मुद्दों पर सड़क की लड़ाई लड़ेगी।





### जनता से जुड़े मुद्दे पर सड़क तक लड़ाई का लिया संकल्प

राकेश ठाकुर ने कहा कि जनता से जुड़े हर मुद्दे पर सड़क तक लड़ाई लड़ी जाएगी। इसके लिए हम सभी तैयारी हैं। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वरिष्ठ नेताओं ने अपना समर्थन देकर आज जो सम्मान मुझे दिया है, उसके लिए हृदय से सभी वरिष्ठ नेतागण और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं। मुकेश चंद्राकर ने दोबारा भिलाई शहर कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार से सभी वर्ग दुखी है। हमारा लक्ष्य आने वाले भिलाई निगम व विधानसभा 2028 में जिले की सभी सीटों पर कांग्रेस की जीत दिलाना है।

## खबर संक्षेप



### महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा ने किया बाबा साहेब को नमन

दुर्ग। संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर के 70 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण नमन किया गया। मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी, आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर, भाजपा जिला मंत्री गायत्री वर्मा उपस्थित रहे।
इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी ने कहा कि हर साल 6 दिसंबर को डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के लिए जाना जाता है। बाबासाहेब भारत के एक जाने-माने शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे।आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. आंबेडकर को भारतीय संविधान के जनक के रूप में भी जाना जाता था। संविधान बनाने और भारतीय समाज की सेवा में उनके योगदान के लिए बाबासाहेब को 1990 में भारत रत्न मिला। कार्यक्रम में जिला कार्यालय मंत्री सैयद आसिफ अली, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सोशल मीडिया जिला रजनीश श्रीवास्तव, एमआईसी मेंबर नीलेश अग्रवाल, जय श्री राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज अग्रवाल, बाबा ब्रह्म भट्ट, अमर भोई, आशुतोष मिलिंद, बीरू अवारे, ओम प्रकाश पांडेय, राहुल दीवान, कृष्ण निर्मलकर ,संतोष जयसवाल, विश्वजीत देशमुख, मनोहर यादव आदि मौजूद थे।

## प्रियदर्शनी परिसर : विकास की बाटजोह रहा स्लम एरिया, सफाई भी लचर

# देखरेख के अभाव में संजय नगर तालाब के अस्तित्व पर संकट, जर्जर सड़कें बनी पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 6 प्रियदर्शनीय परिसर दो हिस्सों में बंटा है और दोनों जगह एक जैसी समस्याएं दिखती हैं। गुरुनाथ अस्पताल के पास सर्विस रोड टूटी है, वेंकटेश्वर टाकीज के पास सड़क खस्ताहाल है, अंडरब्रिज के पास नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा के आसपास झाड़ियां उग आई हैं और जीई रोड किनारे का तालाब भी देखरेख के अभाव में खत्म होता नजर आ रहा है। स्थानीय लोग लंबे समय से मरम्मत और सफाई की मांग कर रहे हैं, लेकिन हालात में सुधार नहीं हुआ। सार्वजनिक जगहें उपेक्षा के शिकार है। इस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रियदर्शनीय परिसर में स्लम एरिया की सड़कें बेहद खराब है। बरसात के दिनों में लोगों को चलना मुश्किल हो जाता है। गुरुनाथ अस्पताल के पास की सर्विस रोड बदहाल है। गड्ढों की वजह से यहां रोजाना वाहनों को लड़खड़ाकर निकलना पड़ता है। पास से गुजरने वाले लोगों का कहना है कि सड़क बरसात में और भी खतरनाक हो जाती है, लेकिन मरम्मत की तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता। वेंकटेश्वर टाकीज के पास की सड़क भी लंबे समय से खराब है। यहां पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोग बताते हैं कि शिकायत कई बार की गई, लेकिन मौके पर सुधार की कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

## मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा वार्ड-6, लोगों ने कहा- की जा रही अनदेखी





### नेताजी की प्रतिमा के आसपास झाड़ियां

अंडरब्रिज के पास स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा के आसपास भी हाल अच्छे नहीं हैं। प्रतिमा के चारों तरफ झाड़ी उग आई हैं। यह सिर्फ बदहाल सफाई का मामला नहीं, बल्कि उस जगह की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला दृश्य है। जीई रोड किनारे मौजूद तालाब की हालत भी चिंता का विषय है। पानी लगातार कम हो रहा है और सफाई के अभाव में तालाब अपनी पहचान खोता दिख रहा है। आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि पहले यह तालाब इलाके की खूबसूरती बढ़ाता था, लेकिन समय के साथ इसकी उपेक्षा होती गई। वार्ड 6 के निवासियों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों से समस्याओं से अवगत कराया गया है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।



### रोशनी नहीं होने से तालाब में असामाजिक तत्वों का डेरा

इस वार्ड में जीई रोड के किनारे स्थित तालाब कभी सुपेला क्षेत्र का शान हुआ करता था जो अब देखरेख के अभाव में कंडम बन गया है। तालाब में गंदगी की भरमार है। तालाब में रोशनी नहीं होने के कारण अंधेरे में डूबा रहता है। इस कारण शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। इस तालाब में दो हाईमास्ट लगा हुआ है लेकर रोशनी नहीं है। तालाब के प्रवेश द्वार में भी कार वाशिंग दुकान वालों का दिन भर कब्जा रहता है। प्रवेश द्वार के सामने ही मोटर साइकिल और चार पहिया वाहनों को धुलने का काम किया जाता है। इस दुकानदारों पर पहले भी कार्रवाई हो चुकी है।

### स्लम एरिया के लोग ज्यादा परेशान

वार्ड 6 के पार्षद रविशंकर कुर्रे ने बताया कि जर्जर सड़क के कारण स्लम एरिया के लोग काफी परेशान है। जिस प्रकार निगम आयुक्त और महापौर दूसरे वार्डों का निरीक्षण करते है, उसी प्रकार कभी इस वार्ड में भी भ्रमण करें। प्रियदर्शनीय वार्ड एक बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है। मेन पॉवर की कमी के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जीई रोड के उस पार प्रियदर्शनी नगर में सड़कों के लिए 9 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है जबकि स्लम एरिया जहां की सड़कें सबसे ज्यादा जर्जर है वहां मात्र 17 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। तालाब में दो हाईमास्ट लगे हुए है, लेकिन उसमें लाइट नहीं जलता। कई बार नगर निगम को आवेदन देकर इसे चालू करने की मांग की गई है, लेकिन तालाब अब तक रोशन नहीं हो पाया।

## धान खरीदी को लेकर परेशानियों के विरोध में 10 को किसान करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भारतीय किसान संघ विभिन्न मांगों को लकर 10 दिसंबर को कलेक्ट्रेट का घेराव करेगा। सुबह 11 बजे राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग में सभा के बाद किसान कलेक्ट्रेट की ओर कूच करेंगे।

तहसील अध्यक्ष भारतीय किसान संघ के दुर्ग तहसील अध्यक्ष भागवतराम पटेल ने बताया कि सेवा सहकारी समितियों में धान खरीदी की मात्रा प्रतिदिन के हिसाब से बढ़ाए जाने, समितियों से धान का परिवहन प्रारंभ करने, धान बिक्री के लिए टोकन जो कि तुंहर टोकन एप एवं समितियों द्वारा काटा जाता है उसे 70%-30% के स्थान पर 50-50% करने, गिरदावरी रिपोर्ट में गड़बड़ी, रकबा कटौती, पंजीयन में त्रुटि या अन्य किसी प्रकार की राजस्व या समिति स्तर की समस्या जिसके कारण किसानों को धान बेचने में समस्या आ रही हो उनका निपटारा समिति स्तर पर ने, कलेक्टर द्वारा समितियों में धान तौलाई में बोरे के साथ 40.700 किलो ग्राम का लिखित आदेश करने, धान बिक्री हेतु टोकन की संख्या जो कि वर्तमान में 2 एकड़ तक 1 बार, 2 से 10 एकड़ तक 2 बार एवं 10 एकड़ से ऊपर तीन बार है को बढ़ाकर 2 एकड़ तक दो बार, 2 से 10 एकड़ तक 3 बार एवं 10 एकड़ से ऊपर प्रति 5 एकड़ में एक टोकन बढ़ाने, टोकन काटते समय लघु,सीमांत एवं दीर्घ की श्रेणी में ना बांटते हुए सभी को समान रूप से अवसर देने, पूर्ववर्ती सरकार के समय की धान के चौथी किस्त की राशि को तत्काल किसानों को प्रदान करने और मेड़ेसरा से धमतरी टावर लाइन की मुआवजा राशि प्रभावित किसानों को नई गाइडलाइन के अनुसार वितरित करने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### प्रतिबंधित काष्ठों का अवैध परिवहन पकड़ाया, वन विभाग ने किया जब्त

दुर्ग। जिले के धमधा एवं पाटन वृत्त में वन विभाग की विभागीय टीम, विभागीय अधिकारियों द्वारा निर्धारित रोस्टर एवं रात्रि गश्त के दौरान प्रतिबंधित काष्ठों का अवैध परिवहन किये जा रहे 5 वाहनों को पकड़कर जप्ती की कार्यवाही करते हुए वन अपराध पंजीबद्ध किया गया। 4 वाहनों, क्रमांक सीजी 4 जेसी 8048, सीजी 06 एम 0463, सीजी 07 सीए 1055, सीजी 07 सी. 7985 को जप्ती कर पाटन डिपो में रखा गया। एक वाहन सी.जी. 04 जे.डी. 7725 कुम्हारी डिपो में रखा गया है।डीएफओ दिपेश कपिल के अनुसार नियमानुसार अभियुक्तों से मुआवजा की राशि अधिरोपित करते हुए प्रतिबंधित काष्ठों को राजसात की कार्यवाही की जाएगी।

# मीडिएशन फॉर द नेशन 2.0 संबंधी बैठक का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

उच्चतम न्यायालय की मीडिएशन एंड कांसिलेशन प्रोजेक्ट कमेटी द्वारा चलाए जा रहे मीडिएशन फॉर द नेशन 2.0 कार्यक्रम के तहत जिला न्यायालय के सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग ने की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य था मीडिएशन मध्यस्थता की प्रक्रिया को आसान, मजबूत और लोगों के लिए अधिक उपयोगी बनाना, ताकि विवादों का जल्दी और सरल तरीके से समाधान हो सके। बैठक में मीडिएशन 2.0 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्णय लिए गए। इनमें प्रमुख रूप से मीडिएशन प्रक्रिया को पारदर्शी, समय पर और लोगों के लिए ज्यादा सुविधाजनक बनाने की योजना बनाई गई। पारिवारिक, सिविल, आपराधिक और अन्य मामलों में न्यायालयीन कार्यवाही से पहले मीडिएशन के माध्यम से समाधान खोजने पर जोर दिया गया। मध्यस्थों और परामर्शदाताओं को नई तकनीकों और तरीकों का प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल, मध्यस्थ अधिवक्ताओं, परामर्शदाताओं और न्यायिक अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल बनाने पर सहमति बनी। मामलों को मध्यस्थता हेतु भेजने और उनके फॉलो-अप की प्रक्रिया को बेहतर और एक समान बनाने पर चर्चा हुई। मीडिएशन कक्षों और परामर्श सेवाओं को और सुविधाजनक बनाने का प्रस्ताव रखा गया। आम जनता में मीडिएशन के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे एक आसान व भरोसेमंद तरीका बताने पर जोर दिया गया।

■ संवेदनशील और व्यावहारिक बनाने की दिशा में कदम

बैठक के अंत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि मीडिएशन 2.0 न्याय व्यवस्था को अधिक मानवीय, संवेदनशील और व्यावहारिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और सभी अधिकारियों तथा अधिवक्ताओं को इसमें पूरा सहयोग देना चाहिए। जिला न्यायालय दुर्ग न्यायिक सेवाओं को लोगों के लिए और भी सरल, सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।इस बैठक में परिवार न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण, जिला न्यायालय के मध्यस्थ न्यायिक अधिकारीगण, स्थायी एवं जनोपयोगी लोक अदालत के अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, वरिष्ठ न्यायालय प्रबंधक, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अधिवक्तागण, मध्यस्थ अधिवक्ता तथा परामर्शदाता शामिल हुए।

### मृदा स्वास्थ्य कृषि में उपयोगिता विषय पर जागरुकता कार्यक्रम

दुर्ग। विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा द्वारा जिले के विकासखण्ड पाटन के ग्राम-चंगोरी में मृदा स्वास्थ्य कृषि में उपयोगिता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषकों को मृदा स्वास्थ्य जॉच की आवश्यकता क्यों है? खेतों में क्या-क्या फायदे है, कैसे किया जाता है और इसके जॉच की मृदा हेल्थ कार्ड का कैसे उपयोग किया जाता है इसकी विस्तृत जानकारी किसानों को दी गई। किसानों के खेत पर प्रायोगिक रूप से मृदा परीक्षण के लिए मिट्टी का नमूना कैसे लिया जाता है इसकी विस्तृत प्रायोगिक जानकारी दी गई। मृदा स्वास्थ्य पर मृदा वैज्ञानिक डॉ. ललिता रामटेके ने पूर्ण जानकारी प्रदान की।

# शौर्य दिवस पर निकाली मशाल रैली, बताया- विजय का क्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

हिंदू युवा मंच ने शौर्य (विजय संकल्प) दिवस का उत्सव मशाल रैली निकालकर मनाया। अयोध्या में श्रीरामचन्द्र के मंदिर का निर्माण भारतीय सभ्यता और हिंदू समाज के लिए एक ऐतिहासिक, आध्यात्मिक विजय का क्षण है। यह केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि सत्यमेव जयते की उस सनातन घोषणा का प्रमाण है, जो युगों से अन्याय पर न्याय, अधर्म पर धर्म की विजय की प्रेरणा देती आई है। श्रीराम मंदिर का उद्घाटन और उसके पश्चात मनाया जा रहा उत्साह हिंदू समाज में आत्मगौरव, एकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। इसी अमर तेज को आगे बढ़ाते हुए हिंदू युवा मंच द्वारा शनिवार की शाम 6 बजे से अग्रसेन चौक में शौर्य दिवस को विजय संकल्प दिवस के रूप में बड़े ही उत्साह, ऊर्जा और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम जयराम जय जय राम के सामूहिक उद्घोष के साथ हुई, जिसने वातावरण को प्रभु श्रीराम की दिव्य ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम प्रभारी राजा देवांगन के नेतृत्व में सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ। रैली के समापन उपरांत रामचंद्र की भव्य महाआरती आयोजित की गई, जिसमें सभी उपस्थित हिंदू युवा मंच के कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलित कर धर्म-संकल्प लिया। इस अवसर पर गोविंद राज नायडू, राजेश शर्मा, श्रीकुमार नायर, अरुण सिंह, दिनेश मिश्रा, अरुण अग्रवाल, भीम जैन, आशुतोष तिवारी, हरि जगबेड़ा, बलवंत सिंह राजपूत, वीरेंद्र सिंह, राहुल जैन सहित अन्य मौजूद थे।



## एसआईआर को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक

# 14 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का होगा प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर संबंधी कार्य के प्रगति के संबंध में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई।

■ महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की जानकारी की साझा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विरेन्द्र सिंह एवं राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पुनरीक्षण कार्य की प्रगति, संशोधित कार्यक्रम तथा महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की जानकारी साझा की गई।

मुख्य चुनाव आयुक्त, नई दिल्ली द्वारा 27 अक्टूबर को जारी निर्देशों के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम घर-घर मतदाता सत्यापन 11 दिसंबर, ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी 16 दिसंबर, आपत्ति एवं दावा अवधि 16 दिसंबर से 15 जनवरी, सुनवाई एवं सत्यापन 16 दिसंबर से 7 फरवरी, अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को जारी किया जाएगा।



### डिजिटाईजेशन मतदान केन्द्रों के बीएलए को सूची की जाएगी साझा

कलेक्टर ने कहा कि लगभग सभी मतदान केन्द्रों के शत-प्रतिशत डिजीटाईजेशन पूर्ण हो चुका है। जिन मतदान केंद्रों में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है, वहां के एएसडी मृत, अनुपस्थित, स्थानांतरित मतदाताओं की सूची बीएलओ द्वारा संबंधित दल के बूथ लेवल एजेंट बीएलए को उपलब्ध कराई जाएगी। बीएलए द्वारा सूची की जांच कर त्रुटि पाए जाने पर सुधार के लिए बीएलओ को सूचित करने कहा।

### जनप्रतिनिधियों के विवरण की पुष्टि अनिवार्य

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि व एसआईआर के तहत पूर्व एवं वर्तमान सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, जनपद, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के सदस्य, सभापति, एल्डरमेन, पार्षद, पंच, सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं उनके परिवारजनों के गणना प्रपत्र बीएलओ के पास जमा हैं या नहीं, इसकी पुष्टि दलों द्वारा अवश्य कर ली जाए। यदि किसी भी जनप्रतिनिधि या उनके परिवार के सदस्य का नाम वर्ष 2003 के रिकॉर्ड से मिलान के दौरान छूट गया हो तो तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग को सूचित करने को कहा गया, ताकि एसआर ड्राफ्ट रोल में समय पर जोड़ा जा सके।

## खबर संक्षेप



### सांस' में किया श्वसन संबंधी बीमारियों के प्रति जागरुक

**अंडा।** निमोनिया को सफलता पूर्वक बेअसर करने के लिए सामाजिक जागरूकता और कार्रवाई (सोशल अवेयरनेस एंड एक्शन टू न्यूट्रलाइज़ निमोनिया सक्सेसफुली-सांस) कार्यक्रम का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम निकुम के सरपंच भगवत पटेल ने किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की मितानिन, मितानिन प्रेरक, आरएचओ महिला-पुरुष, सुपरवाइज़र महिला-पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों में निमोनिया की रोकथाम, पहचान तथा समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेन्द्र वर्मा (बीपीएम) एवं सोमित राम रंगारी (बीईटीओ) ने किया । 'सांस' कार्यक्रम में प्रभारी सेक्टर सुपरवाइज़र तुलसी यादव तथा हरिकिशन धृतलहरे (बीएएम) भी उपस्थित रहे। इस अभियान के माध्यम से समुदाय में बच्चों की श्वसन संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर उपचार सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

### समिति में प्रकाश व्यस्था के लिए किया भूमि पूजन



**अंडा।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित परसदा में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं बालोद जिला के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा से प्रकाश व्यस्था के लिए 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृति की गई। धान खरीदी केन्द्र में मुख्य अतिथि मण्डल अध्यक्ष ओटेबन्द एवं प्राधिकृत अध्यक्ष कुलदीप साहू के साथ सरपंच परसदा सत्यवती साहू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, समिति प्रबंधक संत राम साहू और किसान बाला राम कोसरे ने पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। प्राधिकृत अध्यक्ष कुलदीप साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों की हित में धान खरीदी में पारदर्शिता लाई गई है राशि का भुगतान निर्धारित समयावधि में किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है एवं किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। प्रशासन द्वारा खरीदी केन्द्र में बारदाना की उपलब्धता, इलेक्ट्रानिक तौल की व्यवस्था, पेयजल व विश्राम व्यवस्था की गई हैं। इस अवसर पर राज कुमार देवांगन, घना राम साहू, जगदेव साहू, चंद्रकिरण साहू, धनंजय साहू, भारत यादव और नारद कुमार साहू उपस्थित थे।

# रासेयो शिविर में देशप्रेम की कविताओं ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

शासकीय प्राथमिक शाला मटंग प्रांगण में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना पाटन महाविद्यालय शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत प्रभातफेरी एवं जागरूकता रैली के साथ हुई। साक्षरता, नशामुक्ति, नारी शिक्षा राष्ट्रप्रेम के नारों से ओतप्रोत रैली में ग्रामीणों को जागरूक किया और योग, अगामाम, ध्यान, जुबा नृत्य की प्रस्तुति के साथ प्रेरक विचार रखे गये। शाला प्रांगण एवं मुख्य चौक की सफाई की गयी। रासेयो स्वयंसेवक ग्राम पंचायत मटंग के अधीनस्थ ग्राम बोदल गये वहाँ जैतखाम, आंगनबाड़ी, सार्वजनिक शौचालय, हनुमान मंदिर के परिसर, गलियों, नालियों में सफाई की।

- राष्ट्रीय सेवा योजना पाटन महाविद्यालय का शिविर जारी



चलित पशु चिकित्सा द्वारा ग्राम मटंग के गोठान में निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें गाय, बैल, बकरियों को कृमिनाशक दवा भी पिलायी गयी। उस शिविर में 14 पशुओं का उपचार 25 पशुओं से कृमिनाशक दवा एवं 20 पशुओं का इलाज किया गया।जिसमें स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय योगदान दिया। इस शिविर में डॉ. झरना चंद्राकर सहायक पशु चिकित्सक, डॉ दीपेन्द्र खरे सहायक पशु चिकित्सक निकिता सोनकर सहायक पशु चिकित्सक समीक्षा ताम्रकार, नरेश बंछोर एवं दिनेश साहु ने योगदान दिया। डॉ झरना चंद्राकर ने स्वयंसेवकों को पशुओं से संबंधित विभिन्न जानकारी प्रदान करते हुए घरेलू उपचार के तरीके भी बताए।

बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि महेश्वरी ध्रुव कांउसलर ने एड्स के कारण, लक्षण एवं उनसे बचने के उपाय बतलाये। महाविद्यालय से आए डॉ. पुण्या मिंज विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग ने अनुशासन,समय-प्रबंधन, नेतृत्त्व क्षमता की विभिन्न गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रोफेसर जागृत कुमार (विभागाध्यक्ष, रसायन शास्त्र विभाग) ने प्रभातफेरी से रात्रिकालीन गतिविधियों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक संध्या में कवि सम्मेलन का आयोजन सरपंच अमित हिरवानी के निर्देशन में हुआ। कवि सम्मेलन के संयोजक रमाशंकर सोनी रहे। इस कवि सम्मेलन में कुल 13 कवियों मे स्वतंत्रता संग्राम, देशभक्ति, स्त्रीशक्ति, हास्य रस से परिपूर्ण कविताओं का पाठ किया। अंत में डॉ. एस. के. भारती ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### धान खरीदी के नाम पर परेशान हो रहे किसान

# ठंड में पखवाड़े भर से खलिहानों में रतजगा करना किसानों की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

धान खरीदी के नाम पर किसान परेशान हैं। पिछले महीने मौसम की मार से धान काटने में किसानो को काफी परेशानी हुई। कई दिनो तक धान पानी में भीगने से जमीन गीली हो गई , हारवेस्टर से नही कटने पर दोगुने रेट में चैन हारवेस्टर सहित मजूदरी देनी पड़ी है। अब अपने धान को समर्थन मूल्य पर बेचने टोकन कटवाने स्मार्ट फोन लेकर सर्वर व लिमिट धान खरीदी के कारण किसान माथा पच्ची कर रहे हैं। आफलाइन टोकन 25 प्रतिशत कटेगा, उसमें टोकन का अता पता नही पड़ता है। इससे दुब्बर पर दू आषाढ़ वाली बात किसानो पर चरितार्थ हो रही है। दिसम्बर की कड़ाके की ठंड में अपने धान की रखवाली करने खलिहान में रतजगा करना अन्नदाताओं की मजबूरी बन गई है, हालांकि किसानो के लिए ऑनलाइन टोकन शुरू तो हुआ ,लेकिन इसकी सीमा होने के कारण किसानों के चेहरे पर मायूसी है। गौरतलब है कि विकासखंड दुर्ग के निकुम ,आलबरस , अंडा और तिरगा सहित सभी किसान परेशान है, वहीं खरीदी का ग्राफ गिर रहा है। सिस्टम में त्रुटि के कारण धान खरीदी केन्द्रो में दोपहर 12 बजे ही सन्नाटा छा जाता है , खरीदी के लिए महज पखवाड़े भर में किसान परेशान है। किसानो को अपने कर्ज कि चिंता सता रही है, वही धान खरीदी केन्द्र में जगह की कमी व धान का उठाव नही होने से पूरा खरीदी केन्द्र धीरे धीरे जाम पड़ा है।



#### धान खरीदी के नाम पर चल रहा मजाकःसाहू

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने धान खरीदी अव्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए कहा कि गांव ,गरीब और किसान का हितैषी बताने वाले भाजपा सरकार के जनप्रतिनिधि व नेता कुंभकर्णीय नींद में सो गये हैं। किसान की मेहनत और उसका पसीना इन्हें नही दिख रहा है। बीते पखवाड़े भर बाद भी धान खरीदी केन्द्रो को मानो प्रयोगशाला बना कर धान खरीदी के नाम मजाक बना कर रख दिया गया है। समय रहते धान खरीदी नही कर पा रहे है , कम लिमिट खरीदी , फटे बारदाना और आनलाइन टोकन सिस्टम से किसान परेशान है। उन्होंने मांग की है कि समय रहते खरीदी की सीमा बढाएं और समय रहते व्यवस्था सुधारें।

समय रहते धान का उठाव नही हुआ तो छोटे धान खरीदी में मानो पैर रखने की जगह ही नही है। वही किसानों को टोकन के लिए 20 दिसम्बर तक कई जगह पंजीयन हो चुका है। ब्रिकी के लिए किसान रजिस्ट्रर में एंट्री कर निराश मन से लौट रहे है। वही निकुम के किसान राजकुमार साहू ने कहा कि कम लिमिट सिस्टम के कारण धान कम मात्र में बिक रहा है। पखवाड़े भर कई किसान रात भर गांव के बाहर खलिहान में अपनी बारी का धान बेचने रतजगा कर रहे हैं। ठंड से ठिठुरते हुए खलिहान में झोपड़नुमा बना कर मजबूरी में रहना पड़ रहा है। जरूरत इस बात की है कि प्रशासन किसानों की परेशानी को देखते हुए पूरे सिस्टम में सुधार करे।

# जिला स्तरीय जनपद पंचायत संघ का गठन, घोषित किया पांच सूत्रीय एजेंडा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग जिले के सभी जनपद पंचायत सदस्यों की सामूहिक बैठक में दुर्ग जिला स्तरीय जनपद पंचायत संघ का औपचारिक गठन किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से संघ की नई संरचना को स्वीकृति देते हुए ढालेश साहू सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग को अध्यक्ष तथा हेमा भोजेश्वर, सदस्य जनपद पंचायत धमधा को उपाध्यक्ष मनोनीत किया। संघ के गठन में निर्वाचित जनपद सदस्यों ने हस्ताक्षरित समर्थन प्रदान किया। बैठक में संघ ने पांच प्रमुख विधिक एवं नीति आधारित एजेंडा प्रस्तुत किए। जिसमें छत्तीसगढ़ पंचायतीराज अधिनियमों का पालन, पंचायतों के कृत्य एवं उनके दायित्वों को मजबूत करना, सभी पंचायतों में 9 सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण (एलएसडीजी) थीम्स का पालन और जनपद सदस्यों के अधिकारों की सुरक्षा का लक्ष्य घोषित किया गया। इसके साथ संघ ने एजेंडे के रूप में जिले की सभी योजनाओं और विकास कार्यों की पारदर्शी मॉनिटरिंग, निरीक्षण व्यवस्था और सोशल ऑडिट को मजबूत करने का निर्णय लिया।

जिससे योजनाएँ वास्तविक लाभार्थियों तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुँच सकें। संघ ने यह भी निर्णय लिया कि जिले के क्षेत्रीय सांसद एवं क्षेत्र के विधायको को संगठन में संरक्षण सदस्य के रूप में शामिल किए जाएंगे, जिससे नीतिगत मार्गदर्शन और प्रशासनिक–राजनीतिक समन्वय को शक्ति मिलेगी। इस दौरान जनपद सदस्य राजेश साहू, भूपेंद्र कुमार, राजेन्द्र ठाकुर, मिलन्तीन बाई, प्यारी बाई निषाद, ज्योति देवांगन, नंद कुमार, लछनी, दामिनी साहू, लीलावती देशमुख, संगीता साहू, बेला यादव, संतोष निषाद, रजनी कुमारी, मंजु पाटिल, रूखमणी वर्मा, रंजना मनहरे, चंद्रिका ठाकुर, हेमा साहू, सुरेन्द्र बारले, गितेश्वरी वर्मा, कन्हैया साहू, सतरुपा पटेल, केबीलाल वर्मा, किशोरी लाल देशमुख, ढालेश साहू, सतकुमारी सोनके, तीर्थेश्वरी वर्मा, हेमकुमारी जीएल और रमा साहू सहित जनपद पंचायत धमधा एवं दुर्ग के 40 से अधिक जनपद सदस्यों ने संघ को सहमति दी। अध्यक्ष ढालेश साहू ने कहा कि संघ का उद्देश्य पंचायत व्यवस्था को मजबूत करना, पारदर्शिता बढ़ाना और जनपद सदस्यों को उनकी विधिक शक्तियों के अनुरूप संस्थागत आधार देना है। संघ आने वाले दिनों में कार्यकारी समिति का गठन, जिला प्रशासन व जिला पंचायत दुर्ग को औपचारिक सूचना, समीक्षा बैठक तथा ग्राम-स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम प्रारंभ करेगा।

## बिजनेस न्यूज

### वार्षिक उत्सव "आरंभ : एक नई शुरुआत"



गुरुनानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर–VI का वार्षिक उत्सव "आरंभ : एक नई शुरुआत" दिनांक 30 नवम्बर 2025 को अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राकेश सेन (विधायक, वैशालीनगर, भिलाई) ने अपनी विशेष उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि का हार्दिक स्वागत सरदार निर्मल सिंह जी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विशाल वधावन ने सभी का स्वागत करते हुए प्रेरणादायी संबोधन दिया। कार्यक्रम की शुरुआत "देह शिवा बर मोहे" संदेश के साथ की गई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में नृत्य, संगीत और नाटक जैसी विविध कला–विधाओं को शामिल किया गया। विद्यार्थियों ने अपने मनमोहक और सुसंगठित प्रदर्शन से दर्शकों का हृदय जीत लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि सरदार गुरदेव सिंह जी (प्रधान, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, सेक्टर–VI, भिलाई) तथा सरदार निर्मल सिंह जी ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं सह–शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने समग्र शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणादायी उद्बोधन दिया तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्टाफ एवं विद्यालय परिवार को कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में —

सरदार जसबीर सिंह चहल जी (अध्यक्ष, सिख पंचायत, दुर्ग–भिलाई), सरदार गुरनाम सिंह जी (महामंत्री, सिख पंचायत, दुर्ग–भिलाई), सरदार सौदागर सिंह जी (महामंत्री), श्री बच्चन सिंह जी (निर्देशक), सरदार सतनाम सिंह जी, सरदार गुरमेज सिंह जी, सरदार H.P. उप्पल जी, तथा सरदार हरचरण सिंह आनंद जी (सदस्य, शिक्षा समिति) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

वार्षिक उत्सव अत्यंत सफल रहा। विद्यार्थियों और अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करता है, बल्कि विद्यालय में एकता, सहयोग और समुदाय भावना को भी सुदृढ़ करता है।

### अपने जीवन को संकट में मत डालिए : डॉ. एचसी अग्रवाल



**भिलाई।** इसे नजर अंदाज कर छणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए। क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस, सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसेः शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि । ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्ननों थैरिपी पर आधारित केवल रस-रसायन में ही हैं। वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आईएसओ सर्टिफाईड सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एचसी अग्रवाल (एमडी) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट) रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग में स्थित है।



### बीएड विद्यार्थियों ने किया सेवा कार्य

**भिलाई।** उदय महाविद्यालय जामुल-भिलाई द्वाराशनिवार को बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के छात्राध्यापकों को सामुदायिक कार्य हेतु ग्राम खेदामारा (नवातरिया) लेजाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूवात माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ प्रारम्भ किया गया। मुख्य अथिति ग्राम पंचायत खेदामारा के सरपंच अनिल बंजारे उपस्थित थे। उनका स्वागत तिलक लगाकर किया गया। छात्राध्यापकों के द्वारा शिक्षाप्रद जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रैली, नशा मुक्ति, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, नुक्कड नाटक, गीत-संगीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्या- डॉ. अलिपा साहू, विभागाध्यक्ष डॉ. कलावती राव, समस्त शिक्षक, एवं बी.एड प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राध्यापक उपस्थित थे।


### जानलेवा हमले के आरोपी को कैद

**पाटन।** ग्राम गोडपेंडरी थाना उतई में दुकानदार पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी जय शंकर जांगड़े उर्फ अच्छे जांगड़े को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश पाटन दुलार सिंह निर्मलकर ने दो वर्ष एवं 6 माह की सश्रम कारावास एवं 2000 की अर्थ दंड की सजा सुनाई है। शासन की ओर से अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक शेखर वर्मा ने पैरवी किया। मामले के अनुसार दोनों पैर से विकलांग प्रार्थी सुनील गायकवाड ग्राम गोडपेंडरी के अपनी दुकान में 8 जुलाई 2024 को बैठा था तभी रात करीब 8:00 बजे आरोपी ने अपने अन्य साथी के साथ आकर सुनील से शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। प्रार्थी सुनील के इनकार करने पर धारदार कटर से उसकी गर्दन पर वार कर दिया।

# डीपीएस दुर्ग में एडमिशन का मिल रहा सुनहरा मौका



**भिलाई।** डीपीएस दुर्ग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्री-नर्सरी से नौवीं और ग्यारहवीं क्लास तक, साइंस, कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज में एडमिशन अब शुरू हो गए हैं। स्कूल की नई प्रिंसिपल और डायरेक्टर पुनीता नेहरू एक डाइनेमिक, विज़नरी एजुकेशनिस्ट हैं, जिन्होंने अपनी पूरी ज़िंदगी और करियर भारतीय एजुकेशन सिस्टम में क्रांति लाने के लिए लगा दी है। डीपीएस दुर्ग उनकी काबिल और समझदारी भरी देखरेख में, सत्र 2026-27 से कम्युनिकेशन स्किल्स प्रोग्राम, फिनिशिंग स्कूल प्रोग्राम, प्रोजेक्ट आधारित लर्निंग, पैरेलल क्लासेस प्रोग्राम, हेल्थ और फूड क्राफ्ट प्रोग्राम जैसे कुछ खास तरीकों को लागू होते हुए देखेगा। डीपीएस दुर्ग में दाखिला लेना विद्यार्थियों के लिए ऐसे अभिनव प्रयास के साथ एक सुनहरा मौका होगा जो भविष्य को उज्ज्वल बनाएगा।




### पाउवारा में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ जारी

# स्वेच्छाचारी की गोद में कभी भी सत्य का उदय नहीं होता : संत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



ग्राम पाऊवारा में आयोजित किए जा रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन भगवान ध्रुव चरित्र की कथा व्यासपीठ से बताया उत्तान पाद की पत्नि ₹सुरुचि सुनीति उत्तम - ध्रुव की आख्यान में प्रकाश डालते हुए निरंजन महाराज ने कहा कि ध्रुव सत्य है और सुरीचि अर्थात स्वेच्छाचारी कभी सत्य को नही प्राप्त कर सकता। उन्होंने कहा कि नीति पथ में चलकर कर ही साधक सिध्द बन जाता है। अनीतिपथ का सहारा लेने वाले कभी सुखी नही हो सकता।

स्वेच्छारी को अपने मन के भावनाओं के साथ जो रुचिकर लगे वही करता है पहले तो हर कार्य उत्तम लगता है बार में परिणाम बुरा होता है। नीतिपथ का पथिक शाश्वत सुख की अनुभूति करते हुए आनंद पूर्वक जीवन व्यतीत करता है। जीव ही उत्तान पाद है रुचि के वश में रहम कष्ट उठाता है और नीति के सहारे जी कर जीवन को सुन्दर बनाता है। शास्वत सुख नीति पथ में चलने वाले ही प्राप्त कर सकते हैं। संत निरंजन महाराज ने कथा में आगे बताया की संसार के भटके हुए जीवो को मधुवन में ले जाने वाले गुरु होते हैं। नारद जी के साथ ध्रुव जी का मिलने की कथा के माध्यम से भक्त और भगवान की महिमा का बखान किया।

उपासना से चित्त निर्मल होता है चित्त निर्मल होने पर ही ज्योति स्वरूप, प्रकाशरूप ईश्वर का दर्शन होता है। एक भक्त की आराधना सारे विश्व की आराधना बन जाती है। एक व्यक्ति के सत्कर्म का प्रभाव परिवार,समाज और विश्व पर पढ़ता है। आध्यात्म की ओर झुकने वाले साधक पूरे संसार के लिए कल्याण की भावना रखता है। भक्त ध्रुव की आख्यान बच्चों को अवश्य सुनाना चाहिए ताकि आने वाला जीवन सुखमय हो और राष्हित में प्रत्येक व्यन्ति का कदम अग्रसर हो। अनन्त काल से जीव अपने स्वरूप के लिए ही विचरता है मनुष्य जीवन में ही ज्ञान, ध्यान, भक्ति संभव है।

इस अवसर पर कसडोल विधायक संदीप साहू, चंद्रपुर विधायक राम कुमार यादव, अध्यक्ष रजक कल्याण बोर्ड प्रहलाद रजक,पूर्व अध्यक्ष जिला महासमुंद रश्मि चन्द्रकार, भगवाताचार्य सुश्री गरिमा शर्मा, जिला पंचायत सदस्य उषा बंजारे,पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पा यादव,शेमसर कुरैशी, रूप नारायण शर्मा, टीका राम सेन,कैलाश नहाटा, झुमुक लाल साहू, रुपेश देशमुख सहित सैकड़ो श्रोता गण उपस्थित थे।आयोजन कर्ता पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू,मोखन साहू, पूरन साहू,जितेंद्र साहू, सरिता साहू, भूषण साहू, योगिता साहू, हर्ष साहू, केशर साहू, जनपद के पूर्व अध्यक्ष देवेंद देशमुख, नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा,डिकेंद्र हिरवानी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर,राम कली यादव,जनपद पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जनपद सदस्य झमीत गायकवाड सहित अन्य शामिल हुए।



## खबर संक्षेप



### आठ जुआरी पकड़ाए

**भिलाई।** जुआ खेल रहे आठ जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। नंदिनी थाना प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि मुखबिर ने सूचना मिला की ग्राम नंदिनी खुंदिनी किशोर साहू का खेत में जुआ चल रहा है। पुलिस सतनामी पारा नंदिनी खुंदिनी निवासी तारण दास , फुलेन्द्र जांगडे , मनोज लोधी, शीतला मंदिर के पास , ग्राम पथरिया चेतन साहू , चांदिनी चौक ग्राम संगनी छबिराम यादव, नंदिनी खुंदिनी मुकेश सोनवानी, साहू पारा ग्राम नंदिनी खुंदिनी किशोर साहू , वार्ड नगर 07 अहिवारा दीपक साहू को जुआ खेलते पकड़ा गया। जुआरियों के पास से कुल 13 हजार 70 रुपये, ताश पत्ती, 6 मोबाईल जब्त किया गया।

### अग्निवीर बने राजेश का गनियारी में स्वागत



**भिलाई।** नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा वार्ड 40, ग्राम गनियारी में युवा संगठन के द्वारा अग्निवीर सैन्य प्रशिक्षण पूरा कर लौटे राजेश साहू भव्य एवं गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान से हुआ। अग्निवीर राजेश साहू को सम्मान शाल एवं श्रीफल से अभिनंदन किया गया। भाजपा प्रवक्ता प्रेमलाल साहू ने कहा कि अग्निवीर राजेश ने अपने साहस, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति से वह कर दिखाया है। जिसका सपना हर देशभक्त युवा देखता है। अग्निवीर योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी राष्ट्ररक्षा नीति का महत्वपूर्ण भाग है। इस दौरान जवान राजेश के माता-पिता मंजू साहू, इतवारी राम साहू समेत पूर्व नपा अध्यक्ष सीता साहू, मंडल उपाध्यक्ष रवि नाहर, ओनी महिलांग, राज कुमार साहू, गजानंद गोस्वामी, लता ठाकुर, साहू समाज गनियारी अध्यक्ष भीखम चंद साहू, विजय ठाकुर, लोकेश वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### जिला साहू संघ भिलाई नगर में चुनाव की तैयारी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू के निर्देश पर जिला साहू संघ भिलाई नगर के त्रिवार्षिक आम चुनाव 2025- 28 की तैयारी शुरू हो गई है। मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन 6 दिसंबर शनिवार को चुनाव अधिकारियों ने किया। मुख्य निवार्चन अधिकारी एचके गंगबेर व सहायक चुनाव अधिकारी पूनाराम कलिहारी बनाए गए हैं। उन्होंने कहा जिला साहू संघ भिलाई नगर के अधिनस्थ संगठन, तहसील, परिक्षेत्र, इकाई के समस्त सामाजिक पदाधिकारियों सहित सभी मतदाता प्रकाशित मतदाता सूची पर आपत्ति 7 दिसंबर को सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक कर सकते है। मतदाता सूची जिला साहू संघ भिलाई नगर के चुनाव कार्यालय स्थान साहू मित्र सभा सुपेला में चस्पा की गई है।

# धमधा नाका फ्लाईओवर जल्द बनेगा, मालवीय नगर सड़क खोलने भेजा प्रस्ताव, नालंदा परिसर व आईटी पार्क बनेगा शहर की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

आगामी दिनों में दुर्ग शहर की तस्वीर बदलने वाली है। कंडम हो चुका धमधा नाका फ्लाईओवर नया बनेगा। इसके समानांतर नए ब्रिज का निर्माण होगा, जो आईएमए चौक पर आकर मार्ग से जुड़ेगा। इसी प्रकार सिंधी कॉलोनी से मालवीय नगर मार्ग एक बार फिर खुलेगा।

इसके लिए मुआवजा प्रकरण तैयार कर शासन को अनुमति के लिए भेजा गया है। बता दें कि यह मार्ग पिछले करीब 7 सालों से बंद है। शहर के विकास कार्यों में नालंदा परिसर और आईटी पार्क का निर्माण युद्ध स्तर पर जारी है। अगले सालभर के अंदर इसका असर दिखने लगेगा। इसके अलावा शहर में बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कई जगहों पर फोरलेन और टू-लेन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इसमें अधिकांश कार्यों की शासन से स्वीकृति मिल चुकी है। निविदा प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। प्रमुख सड़कों में जेल तिराहा से पुलगांव चौक, महाराजा चौक से बोरसी, जेल तिराहा से मालवीय नगर चौक, साइंस कॉलेज से स्टेशन तक केनाल रोड, चंडी मंदिर से नया पारा चौड़ी सड़क, चंडी मंदिर और शीतला मंदिर कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। मंत्री गजेंद्र यादव ने शासन के दो साल के कार्यों का ब्योरा देते हुए उक्त जानकारी दी। चर्चा के दौरान भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, निगम सभापति श्याम शर्मा, उपाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह परिहार, अशोक राठी, देवनारायण चंद्राकर, नरेन्द्र बंजारे, काशीराम कोसरे, पार्षद कुलेश्वर साहू, संजय अग्रवाल, खालिक रिजवी (शेरु), कमल देवांगन, मनीष कोठारी, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, कौशल साहू, महेन्द्र लोढ़ा, भाजपा नेता गुड्डु यादव मौजूद रहे।

## मंत्री गजेंद्र यादव ने शनिवार को मीडिया के सामने रखा छत्तीसगढ़ शासन का रिपोर्ट कार्ड



### महानगर की तर्ज पर दुर्ग का होगा विकास

स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि जर्जर पं. रविशंकर स्टेडियम की दशा बदलने बीसीसीआई को हैण्डओवर किया जाना है। बैडमिंटन कोर्ट, स्वीमिंग पूल का निर्माण किया जा चुका है। सड़क चौड़ीकरण एवं फोरलेन का निर्माण, शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने स्मार्ट स्कूल व स्मार्ट क्लासेस, शासकीय कर्मचारियों के लिए कॉलोनियों का निर्माण, सामुदायिक भवन, मंच, डोमशेड निर्माण, 1100 से अधिक बिजली पोल, 20 नए ट्रांसफॉर्मर, 6 स्थानों पर हाईमास्क लाईट के अलावा अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए करोड़ों रुपए के विकास कार्य शामिल है। शहर विकास की दिशा में इन उपलब्धि भरे कार्यों में से कई बड़ी योजनाओं ने रफ्तार पकड़ ली है। जिससे आगामी वर्षों में दुर्ग शहर की दशा और दिशा दोनों में बड़ा बदलाव नजर आएगा।

### बनारस की तर्ज पर मठ-मंदिरों का कॉरिडोर बनेगा

गजेंद्र यादव ने कहा कि दुर्ग में बनारस की तर्ज पर मठ-मंदिरों का कॉरिडोर बनेगा। इस पर करीब 50 करोड़ रुपए की राशि खर्च करने की तैयारी है। प्रथम चरण में लगभग 800 साल पुराने चंडी मंदिर और शीतला मंदिर का कायाकल्प किया जाना है। दोनों ही मंदिरों को आधुनिक जीआरपी (फाइबर ग्लास) मटेरियल से संवारा जाएगा। इसके लिए करीब 1.20 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। अगले 4 महीने में यानी नवरात्र से पहले काम पूरा किया जाना है। कार्यएजेंसी भी तय की जा चुकी है, जो दोनों मंदिरों को आकर्षक रूप देगी। जीआरपी ग्लास रीइन्फोर्स्ड प्लास्टिक से मंदिर का सौंदर्यीकरण किया जाना है। यह एक मिश्रित सामग्री है। इसे फाइबरग्लास या कम्पोजिट प्लास्टिक के नाम से भी जाना जाता है। यह एक मजबूत, हल्का और बहुमुखी पदार्थ है जो पॉलिमर रेज़िन और ग्लास फाइबर से बनता है, और इसका उपयोग ढांचे को मजबूत और सुंदर बनाने के लिए किया जाता है। इस पर धूप और बारिश का असर नहीं पड़ता। शहर के बड़ा मठ (राम मंदिर), छोटा मठ (कृष्ण मंदिर), चंडी मंदिर, शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, किल्ला मंदिर, शीतला मंदिर, संतोषी मंदिर, लंगूरवीर मंदिर, प्रमुख आस्था के केंद्र है। लोगों की दिनचर्या इन्हीं मठ-मंदिरों के इर्द-गिर्द रही है। ये सभी मंदिर टीलेनुमा हिस्सों से घिरे हुए हैं।

# शास्त्री उद्यान बदहाल, आयुक्त पांडेय ने रोटरी क्लब अध्यक्ष को व्यवस्था दुरुस्त करने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने शनिवार को जोन 1 नेहरू नगर के अंतर्गत चल रहे महत्वपूर्ण विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया।

- आयुक्त राजीव पांडेय ने नेहरू नगर क्षेत्र का किया निरीक्षण



उन्होंने सीवरेज लाइन के कार्य, उद्यानों की स्थिति और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन मकानों का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निगम आयुक्त नेहरू नगर पूर्व में चल रहे सीवर लाइन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य में आ रही समस्याओं के त्वरित समाधान और कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रस्तावित सीवरेज लाइन के लेआउट का भी अवलोकन किया।

आयुक्त ने नेहरू नगर पूर्व स्थित पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उद्यान और लाल बहादुर शास्त्री उद्यान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वूमेन फॉर ट्री स्कीम के तहत लगाए गए प्लांटेशन पौधों का अवलोकन किया और उनके रखरखाव की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने उद्यानों में उपस्थित आसपास के सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ नागरिकों से चर्चा की। उन्होंने निगम के विभिन्न कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए जनसहयोग की महत्ता पर बातचीत की और नागरिकों से सहयोग की अपील की। शास्त्री उद्यान जिसका निःशुल्क रखरखाव रोटरी क्लब द्वारा किया जा रहा है, वर्तमान स्थिति से असंतुष्ट होते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष से निगम आयुक्त तत्काल चर्चा की और व्यवस्था में सुधार हेतु निर्देशित किए हैं। निगम आयुक्त ने सूर्या मॉल के पीछे की कॉलोनी में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन मकानों का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया। साथ ही नव निर्माण हेतु उपलब्ध रिक्त स्थल का भी निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय राजपूत, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल एवं कुलदीप गुप्ता, उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा एवं दीपक देवांगन मौजूद थे।

# डायरेक्टर इंचार्ज से मिले देवेंद्र, रिटेंशन स्कीम से आवंटित आवास को लेकर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव ने शनिवार को बीएसपी डायरेक्टर इंचार्च सीआर महापात्र से मुलाकात की।

विधायक देवेंद्र यादव ने बताया कि जिस तरीके ने बीएसपी द्वारा टाउनशिप के रिटेंशन स्कीम के तहत निवासरत आमजन को नोटिस

- सेक्टर 9 हॉस्पिटल के निजीकरण को लेकर ली जानकारी

देकर घर के किराए में वृद्धि की जा रही है वो अमानवीय है। प्रबंधन को इस विषय में पुनः संज्ञान लेना चाहिए और इस पर रोक लगानी चाहिए। साथ ही प्रभावितों के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात कर इस पर निर्णय लेना चाहिए। विधायक देवेंद्र ने स्पष्ट रूप से कहा कि रिवर्स बिडिंग बंद होनी चाहिए। निर्धारित दर है उसका भुगतान समय पर वर्करों को मिलना चाहिए, जिस पर डीआईसी ने सहमति जताई और कहा है कि जल्द ही बायोमेट्रिक सिस्टम लागू किया जाएगा।



### जब तक निराकरण नहीं, तब तक न हो कार्रवाई

भिलाई टाउनशिप के व्यापारियों द्वारा लगातार लीज नवीनीकरण की मांग की जा रही है, जिस पर आज विधायक ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस विषय में जल्द से जल्द निराकरण निकाला जाए और जब तक निराकरण पूर्ण न हो तब तक बीएसपी प्रबंधन द्वारा किसी भी आबंटित दुकान में कोई कार्रवाई न हो। सेक्टर 9 अस्पताल में आश्रित 50 हजार कर्मचारी अधिकारी का पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाए और इस तरीके से सेक्टर 9 हॉस्पिटल के निजीकरण की बातें सामने आ रही है उसे पर विधायक ने कहा कि निजीकरण की ओर भिलाई स्टील प्लांट प्रबंधन बिल्कुल न सोचे अन्यथा हम गांधी वादी तरीके से इसका विरोध करेंगे। आवासीय बस्तियों को नोटिस देने के संबंध में बातचीत हुई और यह तय किया गया कि जब तक निवासरत आवासियों को मकान आवंटित नहीं हो जाता तब तक उन्हें बेदखली की कार्रवाई न की जाए।

# अमीन भर्ती परीक्षा आज, 77 केंद्रों में 28,235 अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन 7 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2.15 बजे तक आयोजित होगी। जिले के 77 केन्द्रों में आयोजित इस परीक्षा में 28,235 अभ्यर्थी शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जारी निर्देशों के तहत परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो।

- व्यापमं की परीक्षाओं में ड्रेस कोड अनिवार्य काला, नीला, हरा रंग पर प्रतिबंध

परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। यह परीक्षा सुबह 12 बजे से प्रारंभ होगी। मुख्य द्वार सुबह 11.30 बजे बंद कर दिए जाएंगे। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आएं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटविर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

# जमीन कारोबारियों ने की सांसद बघेल से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सांसद विजय बघेल को जमीन के गाइड लाइन की दर में की गई बेतहाशा मूल्य वृद्धि के सुधार लाने के लिए ज्ञापन सौपा गया है। जिसमें जमीन का व्यापार करने वाले सभी कारोबारियों ,किसान एवं आम आदमी पहुँचे से दूर हो गया है। इस दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष और कबड्डी संघ प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत बघेल, भाजपा चरोदा मंडल अध्यक्ष ए. गौरी शंकर विशेष रुप से मौजूद थे। इसमें कई बिल्डर, छोटे जमीन के कारोबारी दलाल किसान, आम आदमी जो इससे जुड़े है। इन्हे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 2025-26 की गाइड लाइन जो कि शासन द्वारा जारी की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि जमीन कारोबारियों को बचाने के लिए शासन के वृद्धि को रोक लगाने की मांग सांसद से की गई है। सांसद बघेल ने आश्वासन दिया कि इसे लेकर सीएम साय, मंत्री चौधरी से बात कर परेशानियों से अवगत कराया जाएगा।

# शिवपुरी में 29 से रामकथा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने पोस्टर का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास में शिवपुरी स्टेडियम जामुल स्थित राधा कृष्ण संस्कार मंच जामुल द्वारा आयोजित दिव्य-भव्य राम कथा महोत्सव के आमंत्रण पत्र एवं वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। कैलेंडर पर अंकित रामलला की तेजोमय छवि निहारकर मुख्यमंत्री ने गहन श्रद्धा व्यक्त की। इस आयोजन को छत्तीसगढ़ की सनातन परंपरा,सांस्कृतिक गरिमा व आध्यात्मिक चेतना का अनुपम उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि कैलेंडर विमोचन के साथ यह आयोजन आधिकारिक रूप से जन–जन तक पहुँचने वाले भक्ति–संस्कृति के विराट अभियान में परिवर्तित हो गया है। नौ दिवसीय राम कथा 29 दिसंबर से 6 जनवरी 2026 तक अयोध्या धाम के जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी डॉ. राघवाचार्य की पावन वाणी से आयोजित है। इस दौरान राम कथा आमंत्रण पत्र एवं वार्षिक कैलेंडर विमोचन समारोह में संयोजक ईश्वर उपाध्याय, जोगेश्वर मल सोनी, उमेश निर्मलकर, नेत राम साहू, जितेंद्र साहू, इंद्रजीत उपाध्याय, वैभव उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

### 29 से कलम बंद हड़ताल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन अपनी मांगों को लेकर 29 से 31 दिसंबर तक कलमबंद हड़ताल करेगा। इसे लेकर पिछले दिनों शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया गया था।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## कैट और स्टील सिटी चेंबर ने की मांग, जल्द प्रबंधन से मिलेंगे प्रतिनिधि

# टाउनशिप का भू हस्तातंरण राज्य शासन को हो तभी बिजली व्यवस्था दें, नहीं तो हजारों कर्मियों के साथ अन्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

कैट व भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कामर्स ने मांग की है कि छत्तीसगढ़ शासन को विद्युत व्यवस्था हस्तांतरित करने के पूर्व भिलाई टाउनशिप की संपूर्ण भूमि जिसमें मकान और दुकान का क्षेत्र है ,राज्य शासन से चर्चा कर भिलाई इस्पात संयंत्र सौंप दे। शहर की कुछ अच्छी व्यवस्थाओं को बर्बाद करके देने से ज्यादा अच्छा है यह समय रहते सौप देना चाहिए। उनका कहना है कि विद्युत हस्तांतरण की वर्तमान प्रक्रिया लंबी चलेगी। क्योंकि भिलाई इस्पात संयंत्र और विद्युत मंडल मध्य ऐसा कोई भी विधि संबंध फैसला भी नहीं हुआ है। आयोग की दूसरी सुनवाई 6 फरवरी को प्रस्तावित है। जहां विद्युत मंडल उपरोक्त संदर्भ में उनके बोर्ड आफ डायरेक्टर द्वारा इस अवधि में क्या निर्णय लेता है उस जानकारी से आयोग को अवगत कराएंगे ।

- टाउनशिप की व्यवस्था हो रही बर्बाद

### प्राधिकरण के अधिशासी निर्देशक को संगठन ने दिया प्रस्ताव

भारतीय इस्पात प्राधिकरण और भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारी,स्वयं सार्वजनिक चर्चाओं में प्रेस मीडिया को कहते भी हैं कि धीरे-धीरे हम अपना कार्य क्षेत्र समेट रहे हैं। फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने इस आशय का प्रस्ताव भारतीय इस्पात प्राधिकरण के अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन के के सिंह को दिया है। जैन ने कहा है कि 4 दिसंबर को भिलाई इस्पात संयंत्र ने विद्युत नियामक आयोग के समक्ष अपने दिए गए प्रस्ताव पर कहा था कि हम भिलाई टाउनशिप की संपूर्ण विद्युत व्यवस्था राज्य शासन को सौंपने की तैयारी में है। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हम विद्युत व्यवस्था अपने शर्तों पर लेना चाहेंगे। क्योंकि एक बड़े शहर के उपभोक्ताओं को राहत देना और सुव्यवस्थित विद्युत का संचालन हमारी पहली जिम्मेदारी होगी।

### नियामक आयोग के समक्ष लगाई आपत्ति



विद्युत नियामक आयोग में उपभोक्ता की हैसियत से अपनी आपत्ति दर्ज कर आम उपभोक्ताओं के विचारों को सुनने के लिए आयोग के समक्ष कैट एवं स्टील सिटी चैंबर ने अनेक बिंदुओं पर आपत्ति दर्ज कराई है। हालांकि अभी राज्य शासन के जनप्रतिनिधियों उनके अधिकारियों और भिलाई इस्पात संयंत्र के मध्य विद्युत हस्तांतरण को लेकर हो रही चर्चा में है और एक दूसरे को अपने विचार आदान-प्रदान कर रहे हैं। विधि सम्मत कोई भी प्रयास विद्युत मंडल के संज्ञान में नहीं है। भिलाई इस्पात संयंत्र के टाउन इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट के द्वारा आयोग में दर्ज कराई गई है। इस याचिका में अनेक बिंदु ऐसे हैं इस पर यदि आयोग ने अनुमति दे दी तो शहर अंधकार में डूबा नजर आएगा। इन्ही विषयों को आधार बनाकर विभिन्न संस्था संगठनों के प्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष अनेक आपत्ति दर्ज कराई है।

### बिजली खपत पर मिले तत्काल छूट

कैट व भिलाई स्टील सिटी ऑफ कामर्स ने कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा विद्युत खपत पर दी जाने वाली छूट का लाभ शहर के उपभोक्ताओं को तत्काल दिया जाए। केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत सौर ऊर्जा एवं अन्य सुविधाओं को एक सरल प्रक्रिया के तहत उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाना चाहिए। भिलाई इस्पात संयंत्र का टाउन इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल,उपभोक्ता की मांग पर थ्री फेस कनेक्शन सड़कों के विद्युत व्यवस्था को व्यवस्थित करना, मेंटेनेंस की व्यवस्था को फिर से व्यवस्थित करना हर बाजार क्षेत्र में इस संदर्भ में अपने काउंटर तैयार करना ताकि उपभोक्ताओं की दर्ज शिकायतों पर तत्काल सुलभ विद्युत व्यवस्था मिल सके। सांसद विजय बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन को विशेष रूप से भेजते हुए जागरूक जनप्रतिनिधि की भूमिका निभाने की अपील भी संगठन ने की है।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 7 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


## दिव्यांगजनों में दिखा उत्साह

कार्यक्रम में सर्व ब्राम्हण समाज अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, पायल जैन, राजकुमार गुप्ता, जन समर्पण सेवा संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी, शांत कुमार देढे, उल्का द्विवेदी अध्यक्ष मां वात्सल्य दिव्यांग सेवा संस्थान, सुषमा रानी देढे, मनोज गुप्ता, रत्नेश कुमार, संजय गुप्ता, जय प्रकाश यादव, पूर्व पार्षद बसंत नायडू, गिरी नायडू, विवेक मिश्रा, मनोज शर्मा, आशीष मेश्राम, दिनेश पुरोहित, शब्बू, पाकीजा, अख्तर खान, सुजल शर्मा, अंकेश, संजय सेन, मृदुल गुप्ता, हरीश सेन, शब्बीर, बिट्टू, ऋषि गुप्ता, सुधीर, राजेंद्र ताम्रकार, शैलेश जैन सहित सैकड़ों दिव्यांग जनों के साथ साथ अन्य सामाजिक जन उपस्थित थे।



**पूरे संभाग से 2 सौ से अधिक दिव्यांगजनों ने अपनी प्रतिभा का दिखाया दम**

# दिव्यांगजनों ने गाया जोशीला देशभक्ति गीत, अपनी ट्राइसिकल और बैसाखी पर करने लगे नृत्य, प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

**दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने, उन्हें समान अवसर और अधिकार प्रदान कर उनके सामर्थ्य से समाज को परिचित कराने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां दिव्यांगों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। किसी ने अपनी सुरीली आवाज से देश भक्ति गीत गाकर उपस्थित लोगो में जोश भर दिया और दिव्यांगों ने अपनी ट्रायसिकल और बैसाखी से चलकर नृत्य करके अपनी प्रतिभा दिखाई। उपस्थित सभी दर्शक झूमने लगे, तो वही किसी ने अपनी वाक पटुता और प्रतिभा से लोगो के आकर्षण का केंद्र बने।**

**भिलाई।** इस अवसर पर पूरे संभाग से लगभग 200 दिव्यांगो ने शिरकत की और सभी प्रतिभावान को पुरस्कृत किया गया। शनिवार की सुबह 10 बजे से जी ई रोड राशि चक्र बाल उद्यान नेहरू नगर भिलाई में आयोजित कार्यक्रम में दुर्ग-भिलाई के साथ-साथ राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर से भी दिव्यांग पहुंचे हुए थे। जन समर्पण सेवा संस्था दुर्ग और दिव्यांग सामर्थ्य समिति एवं मां वात्सल्य दिव्यांग सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया।



### खेल-कूद प्रतियोगिताएं और हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

जन समर्पण सेवा संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें खेल-कूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम कॉम्पिटिशन शामिल थे। इसके साथ ही अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर जिले का नाम रोशन करने वाले दिव्यांगजनों को सम्मानित किया गया।



### प्रतिभावान हुए सम्मानित

इस दौरान अपने क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे और देश प्रदेश में अपना नाम रौशन करने वालों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा साथ ही साथ राज्य अलंकार पुरस्कार से सम्मानित ग्राम खेदामारा स्कूल की शिक्षिका के शारदा का सम्मान किया गया। व्हीलचेयर रमबी खेलकूद में पूरे प्रदेश से खेलने वाले धीरेन्द्र सिन्हा को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान आयोजको ने अशासकीय और स्वैच्छिक संस्थाओं का भी सम्मान किया। जिसमें दिव्यांग सुषमा महिला सहायता समूह और मां वात्सल्य दिव्यांग सेवा संस्थान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्धेश्य बताते हुए शांत कुमार देढे अध्यक्ष दिव्यांग सुषमा सहायता समूह ने बताया कि समावेशी और सुलभ समाज को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन हर साल किया जाता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों की बाधाओं को दूर करने के लिए एक ऐसा समाज बनाने की दिशा में लोगों को काम करने के लिए प्रोत्साहित करें जहां हर कोई सम्मान और समानता के साथ रह सके। कार्यक्रम में पूरे संभाग से लगभग 200 दिव्यांग उपस्थित थे। आसपास सहित दूर-दराज से आए दिव्यांग जनों को उपहार स्वरूप कम्बल का वितरण किया गया।





### गीतों और सुंदर भजनों की दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में लगभग 10 दिव्यांगों ने कार्यक्रम में सुमधुर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। जिसमें देश है वीर जवानों का, मेरे देश की धरती, मोर धरती मोर किसान और छत्तीसगढ़ी गीत, सुंदर भजनों को सुनकर सभी दर्शक झूम उठे। इस दौरान कुछ दिव्यांगों ने अपनी ट्रायसिकल इन बैसाखी से चलकर नृत्य करके अपनी प्रतिभा दिखाई और सभी प्रतिभा दिखाने वालो को पुरस्कृत भी किया गया।

---

**लाइव इवेंट**

## बाधाएं शरीर में नहीं, बल्कि सोच में होती हैं, हर व्यक्ति सम्मान का हकदार



**भिलाई।** दुर्ग में दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर विद्यालय परिवार ने संवेदनशीलता, समान अवसर और समावेशन के संदेश के साथ विविध गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में सहानुभूति, सहयोग और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए किया गया था। इस अवसर पर दिव्यांगजनों की अदम्य इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और कठिन परिस्थितियों में दिखाई गई उनकी हिम्मत से प्रेरणा लेने के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों में पराक्रम, यशिका, जाकिर, काव्यांश, कृति, धृति, इशिता, ऐश्वर्या, हर्षिल, कुमुद, वैश्वी, इकरानूर फातिमा, जुगराज सिंह और दीपांशु ने प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से संदेश दिया गया कि वास्तविक बाधाएं शरीर में नहीं, बल्कि सोच में होती हैं, और हर व्यक्ति सम्मान, सहयोग और सशक्तिकरण का हकदार है।

- मनाया गया दिव्यांगजन दिवस

इस दौरान शिक्षक गौतम राम, गुरलीन कौर, पुरुषोत्तम साहू, एस वी एस गायत्री और श्रावणी सिंह ने समावेशी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय सभी विद्यार्थियों को समान अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के साथ शिक्षकों तथा समाज का भी सहानुभूति पूर्ण व्यवहार होना चाहिए। उपप्राचार्य पुष्पा बड़ा ने कहा कि दिव्यांगजन दिवस हमें यह समझाता है कि प्रतिभा और क्षमता किसी एक रूप में सीमित नहीं होती, बल्कि आत्मबल और इच्छाशक्ति ही व्यक्ति की असली ताकत होती है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया और सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि समाज में ऐसा वातावरण तैयार किया जाएगा जहां हर व्यक्ति गरिमा, सम्मान और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सके।

**सिटी इवेंट**

## वरिष्ठ अधिवक्ता हुए सम्मानित, दिव्यांग के अधिकारों और समस्याओं पर हुई चर्चा




**भिलाई।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय निशक्तजन दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग की ओर से जिले के विभिन्न स्थानों पर अनेक जन जागरूकता शिविरों और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा जारी स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायाधीश, अधिवक्ताओं एवं अभियोजन अधिकारियों की संयुक्त कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया और निःशक्तजनों के अधिकारों, उनकी समस्याओं और उन्हें प्रदत्त विधिक प्रावधानों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इसी क्रम में आयोजित द्वितीय कार्यक्रम में शासकीय तिलक उच्चतर माध्यमिक शाला दुर्ग में 7 मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। उनके द्वारा विद्यार्थियों को निशक्तजन दिवस का महत्व, नशे के दुष्प्रभाव, संविधान में निहित अधिकार और कर्तव्य, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर और गुड टच–बैड टच के महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। बच्चों ने न्यायाधीशों से अनेक प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर उन्होंने सरल और सहज भाषा में देकर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई दुर्ग में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कानूनी सहायता रक्षात्मक परामर्श प्रणाली-एलएडीसीएस के तीन अधिवक्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को निःशक्तजन से संबंधित विधिक अधिकारों, नशामुक्ति और विभिन्न निःशुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के पैरालीगल वालेंटियर्स ने भी विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर जनजागरूकता के प्रचार-प्रसार में अपना योगदान दिया।

## नो मोर पाकिस्तान राष्ट्रीय गोष्ठी आज

**दुर्ग।** देशभर के 21 राज्यों में एक साथ आयोजित नो मोर पाकिस्तान विषयक राष्ट्रीय गोष्ठी के तहत दुर्ग चैप्टर की बैठक रविवार को आयोजित की गई है। कार्यक्रम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन हॉल, साइंस कॉलेज दुर्ग में दोपहर 2.30 बजे से शुरू होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच फैन्स की 50 ईकाइयों द्वारा किया जा रहा है। दुर्ग के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भारत के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. अनुज माथुर होंगे, जो पश्चिमी और उत्तरी कमांड के ऑफिसर कमांडिंग जनरल रह चुके हैं। वे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर अपना विस्तृत संबोधन देंगे। मुख्य अतिथि केन्द्रीय संचालन समिति के सदस्य गोलोक बिहारी राय, विशिष्ट अतिथि संगठन के राष्ट्रीय महासिचव विक्रमादित्य सिंह, डॉ. वर्णिका शर्मा राष्ट्रीय महासिचव राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच होंगे। यह जानकारी दुर्ग-भिलाई चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. एनपी दीक्षित और महासचिव डॉ. शकील हुसैन ने दी है।

---

# स्वास्थ्य शिविर में महिला, पुरुष और बच्चों ने कराई जांच, निशुल्क परामर्श भी दिया

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के अंतर्गत ग्राम भेंडसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शुरु हुए शिविर में लोगों की सामान्य जांच के साथ ही शुगर, बीपी आदि की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। शिविर में 6 पुरूष, 16 महिला और 3 बच्चों सहित कुल 25 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर शिविर का लाभ उठाया। इस स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, रोग पहचान और निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। इस शिविर में बीएसपी की ओर से डॉ. मुस्कान झा, फार्मासिस्ट विविध बर्छिहा, नर्सिंग स्टाफ मोहम्मद सिराज, पंजीयनकर्ता पायल पवार सहित जिला चिकित्सालय की ओर से आरएचओ विकास चंद्रवंशी और नर्सिंग स्टाफ ने भी सक्रिय योगदान दिया। बीएसपी अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। जिसके दवरा दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जाता है। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा, सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए, निरंतर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, संयंत्र के आसपास एरिया और खनिज क्षेत्रों में किया जा रहा है।

- 25 ने स्वास्थ्य जांच कराकर लिया परामर्श, शिविर
- नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



## 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 31 से 3 तक, आज भूमिपूजन

**भिलाई।** रिसाली सेक्टर भिलाई छोटा दशहरा मैदान के सामने 31 दिसम्बर से 3 जनवरी तक राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि के लिए 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए आयोजन स्थल का भूमिपूजन रविवार को दोपहर 2 पूर्व मंत्री रामशिला साहू दवरा किया किया जाएगा। आयोजन की जानकारी देते हुए गायत्री परिवार के कार्यकर्ता मोहन उमरे ने बताया कि भूमिपूजन के दौरान यज्ञ स्थल में धर्म ध्वज स्थापित की जायेगी।

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू, गायत्री परिवार भिलाई के उप जोन समन्वयक एस.पी.सिंह, जिला पंचायत दुर्ग सभापति श्रद्धा साहू, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, डॉ एस.कुमार, डॉ कामता प्रसाद साहू, के.के. विनोद, एम.के.साहू, धीरज लाल टांक, डॉक्टर पी.एल. साव, डॉक्टर लक्षप्रद नंदुकर, रामाधार महिलांग, के.पी.बघेल सहित अन्य वरिष्ठ और गणमान्य जन उपस्थित रहेंगे।




---

**सत्य गीता ज्ञान से आंतरिक परिवर्तन का प्रथम दिन**

**कार्नर न्यूज**

# जीवन एक कर्म दर्शन, जैसा कर्म करेंगे वैसी परिस्थितियां सामने आएंगी : बीके वीणा

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में कर्नाटक हुबली से भिलाई पहुंची गीता ज्ञान विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी ने चार दिवसीय सत्य गीता ज्ञान से आंतरिक परिवर्तन विषय पर ब्रह्माकुमारी टीचर्स को ट्रेनिंग दी गई। टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत वरिष्ठ ब्रह्माकुमारी बहनों ने दीप प्रज्ज्वलन कर की गई।चार दिवसीय सत्य गीता ज्ञान टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम के पहले दिन बीके वीणा ने बताया कि सर्वशास्त्र शिरोमणि श्रीमद भगवत गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है, अगर हम गीता के ज्ञान को जीवन में धारण करेंगे तभी इसका वास्तविक सार समझ में आएगा। गीता-ज्ञान सिर्फ सुनने या पढ़ने के लिए नहीं है उसे अपने विचार, व्यवहार, जीवन शैली में अपनाना जरूरी है।








### गीता हमें आत्म-शुद्धि का मार्ग दिखाती है

वीणा दीदी ने बताया कि गीता हमें आत्म-ज्ञान, आत्म-चेतना और आत्म-शुद्धि का मार्ग दिखाती है। इससे जीवन में स्थिरता, शांति और संतुलन आता है। जीवन एक कर्म दर्शन है, जैसा कर्म करेंगे, वैसी ही परिस्थितियां आएंगी। इसलिए कर्म करते समय धर्म, सत्य और परमात्म-चेतना को ध्यान में रखना चाहिए। गीता का ज्ञान सिर्फ व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं बल्कि समाज, राष्ट्र और सम्पूर्ण मानवता के लिए है। बीके वीणा ने बताया कि गीता का संदेश हमें भय, चिंता, तनाव से दूर कर सच्ची आत्मनुभूति कराता है। विशेषकर आज-कल की दौड़ भाग वाली जिंदगी, मानसिक तनाव, असंतुलन, भौतिकता के चक्र में ये गीता ज्ञान युवाओं व समाज दोनों के लिए सहारा बन सकते हैं। टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न सेवा केंद्रों की ब्रह्माकुमारी बहने उपस्थित रही और ट्रेनिंग प्रोग्राम का लाभ प्राप्त किया।

## सिटी इवेंट

# देवबलौदा स्कूल में बाल मेला फूड स्टॉल रहा आकर्षण का केंद्र



■ छात्राओं ने विज्ञान गणित से जुड़े मॉडल और पोस्टर का प्रदर्शन कर दिखाई प्रतिभा

**भिलाई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवबलोदा में विज्ञान, गणित एवं बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पार्षद भारती सूर्यवंशी और पूर्व पार्षद व प्रदेश सचिव असंगठित कामगार कांग्रेस राम सूर्यवंशी ने किया। इस दौरान छात्रों ने विज्ञान गणित से जुड़े मॉडल और पोस्टर का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाई। कक्षा छठवीं से आठवीं तक के बच्चों द्वारा लगाए गए फूड स्टॉल विशेष आकर्षण रहे। पूर्व पार्षद राम ने भी स्टाल का निरीक्षण किया। इसमें पानी पुरी, भेल, मोमोज आदि स्टाल लगाए और बच्चों ने मनोरंजन के साथ मुनाफा भी कमाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रधान पाठिका सूर्या शिखा लवंग ने कहा ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों में रचनात्मकता आत्म विश्वास क्रय विक्रय लेनदेन और व्यावसायिक कौशल का विकास होता है। साथ ही बच्चों में व्यवहारिक ज्ञान आत्मविश्वास और सामाजिक समन्वय की भावना मजबूत होती है। इस अवसर पर शिक्षक डीपी चंद्राकर, गीता सरादे, पुष्प लता साहू, रजिया बेगम एवं देवबलोदा संकुल के शिक्षक व छात्र शामिल हुए।

## स्पोर्ट्स लाइव

# शांति नगर, वैशाली नगर और नाइजीरिया-11 की शानदार जीत



**भिलाई।** शांतिनगर मैदान में खेले जा रहे सिंदूर कप रात्रि कालीन फुटबॉल प्रतियोगिता में शुक्रवार की रात रोमांच से भरी रही। पहला मुकाबला रुंगटा फार्मा और शांति नगर के बीच खेला गया। मैच एक-एक की बराबरी पर खत्म हुआ। नतीजा पेनल्टी शूटआउट से निकला, जहां शांति नगर ने 5-4 से जीत दर्ज की।

दूसरे मैच में खुर्सीपार और वैशाली नगर आमने-सामने थे। वैशाली नगर की तरफ से चंदन इंजरी और सौरभ दास ने गोल किया। खुर्सीपार की ओर से लिंगा राजू ने एक गोल दागा। निर्धारित समय के बाद वैशाली नगर 3-1 से विजेता बना। आयोजन समिति के ललित मोहन ने बताया कि रात का सबसे आकर्षक मैच नाइजीरिया 11 और रामनगर के बीच हुआ। नाइजीरिया से आए इंजीनियरिंग छात्र खिलाड़ियों की इस टीम ने दमदार खेल दिखाते हुए रामनगर को 1-0 से हराया। मैदान पर उनका तालमेल और गति देखने लायक थी। आयोजन समिति के ललित मोहन ने बताया कि कल का पहला मैच रुंगटा कॉलेज और दुर्गा बॉयज के बीच होगा। दूसरा मैच शांति नगर और खुर्सीपार के बीच, जबकि तीसरा मुकाबला चरोदा और नाइजीरिया 11 के बीच खेला जाएगा।

### बीएमवाय और वैशालीनगर की टीमों ने जीते मैच

सिंदूर कप नाइट फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने मिला। बीएमवाय चरोदा और वैशालीनगर की टीमों ने जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सुनील शर्मा जांगिड़ मौजूद थे। पहला मैच बीएमवाय चरोदा और रुंगटा कॉलेज के बीच हुआ। चरोदा ने शुरुआत से ही खेल पर पकड़ बनाई। ग्यारहवें मिनट में इशांत ने पहला गोल दागा। इसके बाद सुरेश ने तीसरे मिनट में दूसरा और भाभी ने बत्तीसवें मिनट में तीसरा गोल मारा। रुंगटा कॉलेज की तरफ से आशीष तिवारी ने एकमात्र गोल किया। बीएमवाय चरोदा ने ने 3–1 से जीत दर्ज किया। टूर्नामेंट का दूसरा मैच आईआईटी भिलाई और वैशाली नगर के बीच खेला गया। 14वें मिनट में रूद्र पटेल ने आईआईटी के लिए बढ़त बनाई, लेकिन वैशाली नगर ने तालमेल बैठाते हुए वापसी की। वैशालीनगर की ओर से अमनदीप ने 22वें मिनट में गोल कर स्कोर बराबरी में ला दिया। वहीं इंज्री ने 30वें मिनट में दूसरा गोल कर अपनी टीम को 2-1 से जीत दिलाई। मैच संचालन रेफरी सनी एंड्रयू, भावेश, अनिरुद्ध और शिव तिवारी ने किया।

# पद्मश्री घंटसाला की जयंती पर आज सजेगी सुरों की महफिल



**भिलाई।** तेलुगु सिनेमा के प्रख्यात पार्श्व गायक पद्मश्री घंटसाला की 103वीं जयंती पर एसएनजी विद्याभवन, सेक्टर 4 में रविवार को पद्मश्री घंटसाला चैतन्य वेदिका के तत्वावधान में पाडुता तीयगा सीजन 9 में तेलुगु फ़िल्मों के मधुर गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस संगीतमय कार्यक्रम में स्वर सम्राट एवार्ड से सम्मानित हैदराबाद के डॉ शरतचंद्र और स्वर कलानिधि एवार्डी वैजाग के सोमेश सुरों की महफिल सजाएंगे। सोमेश के नेतृत्व वाले ऑर्केस्ट्रा ग्रुप में रमण मूर्ति और बाबूराव वाद्ययंत्रों पर संगति करेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विधायक-द्वय देवेंद्र यादव और रिकेश सेन तथा मेयर नीरज पाल शिरकत करेंगे। अध्यक्ष एएस शर्मा और महासचिव के लक्ष्मीनारायण ने बताया कि चैतन्य वेदिका के संस्थापक एवं प्रदेश के कई गायकों के सुर तराशने वाले दिवंगत आर गणपति राव की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में आंध्रप्रदेश और तेलंगाना के साथ-साथ स्थानीय गायक भी गीत पेश करेंगे। जिसमें जी वेणुगोपाल, बी रामू, के राजू, एमवी गौरीनाथ, जीएस वेंकटसुब्रमण्यम, जे वेंकट रमण, एन चंद्रशेखर, वी प्रकाश राव, डी श्रीनिवास राव, टी लक्ष्मणमूर्ति, एसवीवी शंकर श्रीनिवास, के दिलीप कुमार, के राधा, लता, एमवी श्रुति, जोशना, एसएनकेवी लक्ष्मी, रानी नायडु, उमा तथा लक्ष्मी रानी सुरों का जादू बिखेरेंगे।

● दुर्ग में स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर में 134 बच्चे ले रहे भाग, आज होगा समापन

# स्काउट-गाइड केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की प्रक्रिया, बच्चों में जिम्मेदारी और टीम भावना होगी विकसित

**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में शनिवार को दो दिवसीय प्रवेश प्रथम और द्वितीय सोपान प्रशिक्षण एवं परीक्षण शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत झंडा गीत गाकर की गई। इस प्रशिक्षण शिविर में 134 विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि स्काउट-गाइड केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की प्रक्रिया है।

सेवा, सहयोग और अनुशासन जैसे गुण विद्यार्थियों को जीवन में ऊंचा उठाते हैं और ऐसे शिविर नेतृत्व, जिम्मेदारी और टीम-भावना को विकसित करते हैं। प्रशिक्षण सत्र में मुख्य प्रशिक्षक सतविंदर कौर, रचना पाल और सतीश धीवर द्वारा विद्यार्थियों को विविध गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में आशुतोष सिंह, गीता माली, टकेश्वर साहू, राजेश कुमार, नीना खत्री, एसवीएस गायत्री सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं सहभागी बने। कार्यक्रम के मुख्य प्रभारी डॉ अजय आर्य ने स्कार्फ पहनाकर प्राचार्य उमा शंकर मिश्र का स्वागत किया और सतविंदर कौर ने उपप्राचार्या पुष्पा बड़ा का स्वागत किया।

प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'स्काउट-गाइड केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की प्रक्रिया है। सेवा, सहयोग और अनुशासन जैसे गुण विद्यार्थियों को जीवन में ऊंचा उठाते हैं और ऐसे शिविर नेतृत्व, जिम्मेदारी और टीम-भावना को विकसित करते हैं।



### व्यक्तित्व में आता है सकारात्मक परिवर्तन

डॉ अजय आर्य ने कहा कि 'हमें मिलकर, साथ बैठकर भोजन करने की संस्कृति सीखनी चाहिए। यह छोटी गतिविधि दिखती है, पर इससे व्यक्तित्व में बहुत बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आता है। सर्वधर्म प्रार्थना के संबंध में उन्होंने कहा कि 'यह हमें सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाती है और एकता, शांति और सौहाद्र यही स्काउटिंग का मूल संदेश भी है। स्काउट-गाइड विभाग की डॉ राखी श्रीवास्तव ने बताया कि कुल 134 विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और कल समापन सत्र में परीक्षण, मूल्यांकन की प्रक्रिया संपन्न होगी।





### शिविर में स्काउटिंग में स्कार्फ की गांठ का बताया महत्व

डॉ अजय आर्य ने अपने संबोधन में सोपान के महत्व पर कहा कि 'प्रथम, द्वितीय और तृतीय सोपान जीवन की तीन सीढ़ियां है। सोपान का अर्थ ही सीढ़ी है और ये प्रशिक्षण शिविर हमें लगातार ऊपर उठने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि 'जीवन को श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लेना चाहिए और स्काउटिंग में स्कार्फ की गांठ तब तक नहीं बांधी जाती जब तक कोई अच्छा कार्य न किया जाए। इसका उद्देश्य प्रतिदिन एक अच्छा कार्य कर व्यक्तित्व को ऊंचा उठाना है।' उन्होंने दो महत्वपूर्ण विचार साझा करते हुए कहा कि 'जो स्वयं को बदल लेता है, वही दुनिया को बदलने की क्षमता रखता है। अनुशासन और सेवा-भाव वो दो पंख हैं जिनसे जीवन ऊंचाई पर उड़ता है।' उपप्राचार्या पुष्पा बड़ा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'स्काउटिंग हमें जिम्मेदारी का सही अर्थ सिखाती है और जब विद्यार्थी अपनी जिम्मेदारी समझ लेते हैं, तब उनका व्यक्तित्व खुद निखर उठता है।' इस अवसर पर प्राचार्य ने 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में भाग लेने वाले डॉ. अजय आर्य को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र सौंपा। जंबूरी में भाग लेने वाले विद्यार्थी आदर्श कुमार को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## लाइब्रेरी का किया गया उद्घाटन

# सूर्य नगर में बच्चों के लिए खुली लाइब्रेरी, पढ़ने के लिए किया प्रेरित




**दुर्ग।** जेआरडी स्कूल के पीछे सूर्य नगर डिपरापारा वार्ड 39 में शासन का सासाकावा इंडिया लेप्रोसी फाउंडेशन द्वारा लाइब्रेरी खोली गई। शनिवार को बच्चों की इस लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के रीजनल डायरेक्टर प्रमिल नाग, चाइल्ड लाइन के जिला समन्वयक जय पटेल प्रमुख रूप से मौजूद थे। उनके अलावा स्वरूप रंजन, कुष्ठ के क्षेत्र में लंबे समय से काम कर रहे समाजसेवी पवन साहू कार्यक्रम में शामिल हुए। पवन साहू ने पिछले लंबे समय से कुष्ठ के क्षेत्र में चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कभी कुष्ठ बस्ती के रूप में पहचाने जाने वाला यह क्षेत्र आज सूर्यनगर के रूप में पहचान बना रहा है। यहां कुष्ठ का एक भी मामला नहीं है। पुराने जितने भी मामले सामने आए, सभी पूरी तरह स्वस्थ है। समाज की मुख्यधारा से जुड़कर जीवन यापन कर रहे हैं। शासन के सहयोग से उनके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। प्रमिल नाग ने बताया कि चांपा जैसे छोटे से क्षेत्र से उन्होंने कुष्ठ उन्मूलन को लेकर काम शुरू किया। आज 19 प्रदेशों में वे सेवाएं दे रही हैं। हर तरह से मदद प्रदान कर रहे हैं। कुष्ठ प्रभावितों के बच्चे आज पढ़ रहे हैं। उनके लिए यह लाइब्रेरी खोली गई है, जहां ज्ञानवर्धक, धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक और संस्कृति से जुड़ी किताबें उनके पढ़ने के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। कार्टून और अन्य माध्यमों से उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्यामा बाई, ट्रस्टी कैरोलीन बेंगारा, मितानिन चंद्रकला ढीमर, अनिता यादव, कार्यकर्ता पूर्णिमा टांडिया, गंगा स्वसहायता समूह की अध्यक्ष राम बाई, भुवनेश्वर साहू, आशा सहित अन्य शामिल हुए।

**गुड टच बैड टच को लेकर किया गया जागरूक :** जय पटेल ने बच्चों को गुड टच और बैड टच के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बच्चों को माता-पिता के अलावा अन्य किसी से भी मिलने के दौरान सावधानी बरतनी चाहिए। किसी भी प्रकार से असहज महसूस करने पर इसकी जानकारी माता-पिता को देनी चाहिए।

## एचडीएफसी बैंक सुपेला में आयोजन

# रक्तदाताओं का सर्व समाज ने किया सम्मान, डोनेट के लिए किया प्रेरित



**भिलाई।** एचडीएफसी बैंक सुपेला शाखा में शनिवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने पहुंचकर रक्तदाताओं को सम्मानित किया और संस्थान की इस पहल की सराहना की।

इंद्रजीत सिंह ने कहा कि रक्तदान जैसी पहल समाज में सहयोग और जिम्मेदारी की भावना बढ़ाती है। शिविर में पहुंचे लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। शिविर में भिलाई क्लस्टर हेड ओझा, महेंद्र ठाकरे, स्वेता चिचोड़कर, पूजा, नूपुर और एचडीएफसी बैंक के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सर्व समाज समिति के पदाधिकारी और सदस्य मलकित सिंह, अनिल चौधरी, जोगा राव, निर्मल सिंह, शाहनवाज़ कुरैशी, रमन राव, इंद्रजीत सिंह चिंटू, डॉ. हरजीन्दर सिंह और वाजिद अंसारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## सीएसवीटीयू में आयोजित की गई प्रतियोगिता, विजेता हुए सम्मानित

# राज्यस्तरीय खो-खो में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम खेल भावना को बताया जीवन के मूल्यों का आधार



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत सीएसवीटीयू एकीकृत राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन सीईसी बिलासपुर में हुआ। जिसमें भिलाई की महिला वर्ग विजेता और दोनों वर्गों के उपविजेता शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय दुर्ग रही।

तकनीकी शिक्षा संस्थानों में खेल संस्कृति को नई दिशा देने राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न इंजीनियरिंग, फार्मेसी एवं पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों से 20 पुरुष टीम तथा 12 महिला टीमों ने प्रतिभाग किया।



### यह टीमें रही विजेता

प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग विजेता जीईसी रायपुर व महिला वर्ग विजेता आरसीईटी आर1 भिलाई, वहीं दोनों वर्गों के उपविजेता उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय दुर्ग रही। महिला वर्ग का फाइनल मैच ड्रॉ होने पर नियमानुसार फिर से मैच किया गया, जिसमें आरसीईटी आर 1 भिलाई ने विजयी स्थान प्राप्त किया।

### खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और अधिकारियों ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। आयोजन सचिव व वरिष्ठ खेल अधिकारी डॉ. शेख शाहिद ने कहा कि खो-खो जैसे पारंपरिक भारतीय खेल तकनीकी शिक्षा संस्थानों में विद्यार्थियों में अनुशासन, त्वरित निर्णय क्षमता और टीम भावना विकसित करते हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाते हैं।

### खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा

पर्यवेक्षक विवेक अग्रवाल ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा है। यह सिर्फ मैदान पर ही नहीं बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व, कड़ी मेहनत और समान अवसरों के मूल्य सिखाता है। पर्यवेक्षक एवं व्याख्याता अंकिता साहू ने कहा कि महिला खिलाड़ियों की बढ़ती भागीदारी हमारे समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में नई पहचान बनाई है।

### चयनित खिलाड़ियों की बनी सूची

खो-खो प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीमों को वरिष्ठ खेल अधिकारी कोंडल राव, विश्वविद्यालय खेल विभाग के किशोर कुमार भारद्वाज ने आकर्षक ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। अखिल भारतीय पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में सीएसवीटीयू की विश्वविद्यालय टीम के लिए 15-15 मुख्य खिलाड़ी और 3 स्टैंडबाई खिलाड़ियों की चयनित सूची दी गई। कार्यक्रम में चयनकर्ता टिकेन्द्र साहू भारतीय खो-खो टीम के पूर्व खिलाड़ी और रिखेन्द्र सिंह राजपूत कोच खो-खो संघ और अम्पायर रेफरी व विभिन्न महाविद्यालय से आए कोच मैनेजर सहित बड़ी संख्या में आयोजक महाविद्यालय के छात्रों की उपस्थिति रही।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सैयद मुश्ताक अली टी 20 ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के शुभम ने लिए 2 विकेट



**रायपुर।** बीसीसीआई की ओर से सैयद मुश्ताक अली टी 20 ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 26 नवंबर से जारी है। जिसमें शनिवार को ग्रुप ए में छत्तीसगढ़ की टीम का मैच अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम, लखनउ में मुंबई टीम के विरुद्ध खेला गया। मुंबई ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 19.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 121 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की शुरूवात अच्छी नहीं रही, अमित यादव तथा कप्तान अमनदीप खरे जल्द आउट हो गये। आयुष पांडेय ने 25 रन बनाकर स्कोर को आगे बढाया। अंतिम ओवरों में मयंक यादव ने 24 रन तथा शुभम अग्रवाल ने 19 रन बनाकर टीम का स्कोर तीन अंको में पहुंचाया। मुंबई की ओर से शार्दुल ठाकुर ने 3 विकेट, तुषार देशपांडे, अथर्व तथा सुर्यांश ने 2-2 विकेट लिए। 122 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई ने केवल 15.5 ओवरों में 2 विकेट खोकर 124 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। मुंबई के लिये आयुश म्हात्रे ने नाबाद 69 रन तथा अजिंक्या रहाणे ने 40 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से शुभम अग्रवाल ने 2 विकेट प्राप्त किये। मुंबई ने 8 विकेट से मैच जीत लिया।

### सॉफ्ट टेनिस के विभिन्न वर्ग में हुए शानदार मुकाबले



**रायपुर।** वी आई पी क्लब में खेलो इंडिया अस्मिता सॉफ्ट टेनिस लीग चैम्पियनशिप में प्रदेश के 180 बालिका खिलाड़ियों ने सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के सब जूनियर में विजेता बरखा रानी गौड़, उपविजेता संजना फरिकार तथा तृतीय प्रेरणा फरिकार और अंजली सिन्हा रहे। जुनियर वर्ग में चंचल सारथी विजेता, रिया सोनकर उपविजेता तथा तीसरे स्थान पर यामिनी निषाद और रंजना सिंह चौहान रहे। सीनियर वर्ग में पुर्णिमा फरिकार उपविजेता और जितेशवरी साहू, तीसरे स्थान पर निधी डोंगरे और रिमा राय रहे। प्रतियोगिता का उदघाटन पूर्व कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त समाज कल्याण विभाग की पूर्व अध्यक्ष हेमलता चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल पुसदकर ने की। समापन समारोह और पुरस्कार वितरण की मुख्य अतिथि निशा द्विवेदी थी। कार्यक्रम में प्रमोद सिंह ठाकुर, उमेश सिंह ठाकुर, दिलीप विश्वकर्मा, रवि धनगर, अनिल अग्रवाल और संजय शुक्ला उपस्थित थे।

### अंडर-19 क्रिकेट में संयुक्त टीम की छह विकेट से जीत



**भिलाई।** गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए के संयुक्त तत्वावधान में अंडर-19 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता कल्याण कॉलेज सेक्टर-7 के मैदान में जारी है। आयोजक विराज चौहान ने बताया कि शनिवार को गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए की संयुक्त टीम एवं भिलाई वॉरियर्स के मध्य मैच खेला गया। जिसे संयुक्त टीम ने छह विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच निलांजन रहे। बल्लेबाजी में भिलाई वॉरियर्स 247 रन पर आउट हुई। आलोक ने 68 रन बनाए। प्रियांशु ने 54 एवं अंश फूले ने 28 रन बनाएं। गेंदबाजी में संयुक्त टीम के ऋषिक ने चार विकेट लिए। हंसराज एवं नीलांचल ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में संयुक्त टीम ने चार विकेट पर 251 रन, नीलांचल ने 92 रन, कुंदन ने 35 रन और आदर्श निषाद ने 24 रन बनाए। गेंदबाजी में भिलाई वॉरियर्स के आलोक ने दो विकेट लिए। मैच के अंपायर पीयूष साहू एवं हिमाचल साहू तथा स्कोरर विनोद देवघरे थे।

### वर्ल्ड कप स्क्वॉश में डॉ. श्रीवास्तव जूरी सदस्य नामित



**रायपुर।** वर्ल्ड स्क्वॉश फेडरेशन के तत्वाधान में स्क्वॉश रैकेट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से चेन्नइ में एसडीएटी स्क्वॉश वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन 09 से 14 दिसंबर तक किया जा रहा है। स्क्वॉश खेल ओलिम्पिक में शामिल हो चुका है। इस वर्ल्ड कप में छत्तीसगढ़ राज्य से डॉ. विष्णु कुमार श्रीवास्तव प्रथम जूरी सदस्य नामित हुए है। डॉ. श्रीवास्तव वर्तमान में नवीन शासकीय महाविद्यालय माना में क्रीड़ाधिकारी के पद पर पदस्थ है। डॉ. श्रीवास्तव ने इसके पूर्व भी गुवाहाटी, असम में फरवरी 2016 में आयोजित साउथ एशियन गेम्स में जूरी सदस्य का महत्वपूर्ण दायित्व निर्वहन कर चुके है। डॉ. विष्णु के मार्गदर्शन में राज्य ने दो राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन राजधानी में सफलतापूर्वक किया गया है।

## आंखों में सूखापन होता है कई वजहों से, रहें सचेत

# सर्दियों में बढ़ जाती है आंखों की कुछ तकलीफें आपकी भी हैं ऐसी आदतें तो तुरंत हो जाएं सावधान

सर्दियों में ड्राई आइज या आंखों में सूखापन बढ़ने की दिक्कत अधिक देखी जाती है। ड्राई आइज तब होती है जब आंखें सही मात्रा में आंसू का उत्पादन नहीं कर पाती हैं। आइए जानते हैं कि इस मौसम में आंखों की देखभाल कैसे करें?

सर्दियों का ये मौसम आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ठंडे मौसम के कारण श्वसन संक्रमण के अलावा त्वचा संबंधी समस्याएं, जोड़ों में दर्द और हार्ट की दिक्कतें भी काफी बढ़ जाती हैं। ये मौसम आपकी आंखों की सेहत के लिए भी काफी दिक्कतें बढ़ा सकता है। सर्दियों में ड्राई आइज या आंखों में सूखापन बढ़ने की दिक्कत अधिक देखी जाती है। ठंडी-शुष्क हवा और घर के अंदर हीटर के इस्तेमाल के कारण ये दिक्कत होना काफी आम है। जिन लोगों को पहले से ही ये समस्या रही है उन्हें इस मौसम में और भी सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है। प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी बताते हैं ड्राई आइज की दिक्कत तब होती है जब आंखें सही मात्रा में आंसू का उत्पादन नहीं कर पाती हैं। इस वजह से आपको आंखों में लालिमा, जलन और किरकिरापन महसूस होता रह सकता है। आइए जानते हैं कि इस



मौसम में आंखों की देखभाल कैसे करें?

### ड्राई आइज के होते हैं ऐसे लक्षण

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी के मुताबिक आंखों में सूखापन के कारण कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। इस वजह से आंखों में अक्सर चुभन, जलन या खुजली जैसी दिक्कत होते रहना आम है। इसके अलावा आप प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता, आंखों में कुछ होने का अहसास, रात में गाड़ी चलाने में कठिनाई और धुंधला दिखाई देने की समस्या भी महसूस कर सकते हैं। शुष्क हवा में या फिर हीटर के पास बैठने से ये दिक्कतें और भी बढ़ सकती हैं।

### आंखों में रहता है सूखापन तो हो जाइए सावधान

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी के मुताबिक जिन लोगों को आंखों में सूखापन की दिक्कत है, उन्हें समय रहते इसका इलाज जरूर करा लेना चाहिए। अगर आंखों की इस समस्या का सही से उपचार न हो पाए तो इसके कारण आंखों में संक्रमण होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। समय के साथ आपकी आंखों की सतह को नुकसान होने और



गंभीर स्थितियों में आंखों में सूजन, कॉर्नियल सतह का घिसाव, कॉर्नियल अल्सर और दृष्टि हानि तक हो सकती है।

ड्राई आइज की समस्या के कारण आपके लिए रोजमर्रा के कार्य करना भी मुश्किल हो जाता है, इससे क्वालिटी ऑफ लाइफ भी प्रभावित हो सकती है।

### ड्राई आइज की समस्या है तो क्या करें?

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी कहते हैं, जिन



लोगों को ड्राई आइज की दिक्कत है उन्हें कुछ बातों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। लक्षणों को कम करने के लिए किसी डॉक्टर की सलाह पर आई ड्रॉप का इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे आंखों में नमी बनाए रखना आसान हो सकता है। इसके अलावा जीवनशैली में बदलाव भी बहुत जरूरी है। धुएं, हवा और एयर कंडीशनिंग से बचने की कोशिश करें। सर्दियों में हीटर के सीधे सामने न बैठें, इससे भी आंखों की दिक्कतें बढ़ सकती हैं। आंखों की जटिलताओं को कम करने के लिए स्क्रीन से ब्रेक लेना भी जरूरी है। फोन-लैपटॉप जैसे डिजिटल स्क्रीन का उपयोग कम से कम करें। पर्याप्त नींद लें जिससे आंखों को आराम मिले।

### ड्राई आइज से बचने के लिए क्या उपाय करें?

ड्राई आइज से बचने के लिए कुछ सावधानियां बरतते रहने की सलाह दी जाती है। अगर आपको आंखों में सूखापन महसूस होता है, तो उन स्थितियों पर ध्यान दें जो आपके लक्षणों को बढ़ाने वाली हो सकती है।

## छत्तीसगढ़ की महिला टीम 8 पदकों के साथ राष्ट्रीय स्तर में तीसरे स्थान पर



**रायपुर।** 47वी अखिल भारतीय विद्युत महिला क्रीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने 6 राज्यों की टीमों से मुकाबला कर टीम चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया। यह स्पर्धा तमिल नाडु राज्य द्वारा 3 से 5 दिसंबर तक चेन्नई में आयोजित की गयी थी। जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम ने तमिल नाडु,कर्नाटक , तेलंगाना, केरल, आंध्र प्रदेश, असम के साथ मुकाबला करते हुए संपूर्ण टूर्नामेंट में 8 पदकों के साथ तीसरे स्थान हासिल किया।

तीन दिवसीय इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने पांच अलग अलग खेल वर्ग में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। टेबल टेनिस श्रेणी में सामूहिक वर्ग में रजत पदक, डबल्स वर्ग में स्वर्ण एवं एकल में स्वर्ण और कांस्य दोनों पदको पर कब्जा किया। इसी तरह बैडमिंटन एवं शतरंज श्रेणी में सामूहिक वर्ग में रजत और कैरम में कांस्य पदक विजेता रहे।

शतरंज श्रेणी में नूतन ठाकुर एकल स्पर्धा में हैट्रिक बनते हुए एकल वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता रही। वह वर्ष २०२* से अब तक लगातार तीन वर्षों से शतरंज की चैंपियन रही है। टीम की मैनेजर अनामिका मांडवी एवं कोच रजनीश ओबेरॉय के नेतृत्व में टीम तमिलनाडु गई थी । अनामिका और ओबेराय ने इस जीत का श्रेय छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की उत्साहवर्धक नीतियों को दिया जिसके कारण खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलती है। केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पदाधिकारियों द्वारा बेहतर सुविधायें देकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया जाता है ।

इस स्पर्धा में कैरम टीम से कंचन महेश ठाकुर, नमिता जैन, शकुंतला करक, अनिता रोही, बैडमिंट टीम से झरना लता साहू, जुवेना गेम्स, गायत्री दीवान, टेबल टेनिस श्रेणी से दिव्या आमदे, श्रद्धा वर्मा, शिखा खंडे, शोभना सिंह, शतरंज से नूतन ठाकुर, मीना कुर्रे, स्मिता सोनी, भारती साहू एवं टेनिकोइट खेल से एलिस मेरी केरकेट्टा, उपासी दांगी, यशोदा रौतिया और कल्याणी वर्मा ने भाग लिया।

## शाम को दीपक जलाते समय रखें इन बातों का ध्यान



सनातन परंपरा में सुबह और शाम के समय दीपक जलाना बहुत शुभ और लाभकारी माना जाता है। हालांकि दीया जलाने से जुड़े कई नियम भी शास्त्रों में वर्णित हैं। सनातन परंपरा में सुबह और शाम के समय दीपक जलाना बहुत शुभ और लाभकारी माना जाता है। हालांकि दीया जलाने से जुड़े कई नियम भी शास्त्रों में वर्णित हैं जिनका पालन आवश्यक माना गया है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं कि शाम के समय दीया जलाने के दौरान किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है और क्यों जलाना चाहिए शाम के समय दीपक।

### कब जलाना चाहिए शाम के समय दीया?

शाम के समय दीया ज्यादातर घरों में जलाए जाने की परंपरा है। हालांकि अक्सर लोग शाम के समय नहीं बल्कि रात हो जाने पर यानी कि अंधेरा हो जाने पर दीया जलाते हैं जबकि संध्याकाल का दीपक हमेशा सूर्यास्त (सूर्यास्त के बाद करें ये काम) के समय जलाना चाहिए जब सूर्य आकाश में नहीं होता लेकिन प्रकाश मौजूद रहता है। अंधेरा हो जाने के बाद दीया जलाना सात्विक नहीं बल्कि तांत्रिक पूजा में गिना जाता है।

### क्यों जलाना चाहिए शाम के समय दीया?

शाम के समय दीया जलाने से नकारात्मकता दूर होती है। घर में सुख, शांति, समृद्धि, संपन्नता, सौभग्य, सकारात्मकता आदि का आगमन होता है। शाम के समय दीया जलाने से राहु (राहु को मजबूत करने के उपाय) का दुष्प्रभाव भी कम ही जाता है।



## विटामिन डी की कमी दूर करने रोज सुबह धूप में करें ये काम

क्या आपके शरीर में भी विटामिन-डी की कमी है? अगर हां, तो कुछ कदम आपको उठाने होंगे। सूर्य नमस्कार विटामिन-डी लेवल कैसे बढ़ाता है और इसकी 12 मुद्राएं शरीर को सूरज की रोशनी से ज्यादा फायदे कैसे दिलाती हैं? आइए एक्सपर्ट से विस्तार में जानते हैं।

विटामिन-डी की कमी शरीर में थकान, हड्डियों की कमजोरी और इम्यूनिटी में गिरावट जैसी गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती है, लेकिन क्या आप जानती हैं कि सुबह किया गया सूर्य नमस्कार आपके विटामिन-डी लेवल को तेजी से बढ़ा देता है? जी हां इसे 'सनशाइन विटामिन' कहा जाता है, क्योंकि शरीर इसे तब बनाता है, जब त्वचा सूरज की रोशनी के संपर्क में आती है।

योग गुरु और अक्षर योग केंद्र के फाउंडर, हिमालयन सिद्धा अक्षर बताते हैं कि सूर्य नमस्कार सिर्फ एक्सरसाइज नहीं, बल्कि शरीर, सांस और मन को प्राकृतिक प्रकाश चक्र से जोड़ने वाला शक्तिशाली योग अभ्यास है। इसकी 12 मुद्राओं का क्रम न सिर्फ पूरे शरीर को सक्रिय करता है, बल्कि



शरीर की ऊर्जा नाड़ियों को भी जागृत करता है, जिससे हमारा सिस्टम सूरज की रोशनी का ज्यादा फायदे ले पाता है। खासकर जब इसे सुबह की धूप में किया जाए, तो यह विटामिन-डी के उत्पादन को असाधारण रूप से तेज कर देता है। आइए इस आर्टिकल के माध्यम से विस्तार में जानते हैं कि सूर्य नमस्कार विटामिन-डी लेवल को कैसे बढ़ाता है?

### त्वचा को मिलता है सही कोण

साधारण धूप में खड़े रहने के बजाय सूर्य नमस्कार की निरंतर मुद्राएं शरीर के अलग-अलग हिस्सों को अलग-अलग एंगल से सूरज की रोशनी दिलाती हैं। त्वचा पर रोशनी ज्यादा और विविध रूप में पहुंचती है, जिससे शरीर विटामिन-डी को ज्यादा असरदार तरीके से बनाता है। इससे हड्डियां मजबूत होती हैं और इम्यून सिस्टम अच्छा होता है।

### अनुशासन और सही समय

रेगुलर सूर्य नमस्कार सुबह जल्दी उठने और धूप में समय बिताने की आदत बनाता है। सुबह की धूप सबसे सुरक्षित और विटामिन-डी सोखने के लिए आदर्श मानी जाती है। यह रूटीन आपको रोज प्राकृतिक धूप का लाभ देती है।

### ब्लड सर्कुलेशन में सुधार

यह आसन शरीर की मांसपेशियों, जोड़ों और ग्रंथियों को सक्रिय करता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन अच्छी तरह से होता है। इससे विटामिन-डी समेत कई पोषक तत्व शरीर की कोशिकाओं तक ज्यादा आसानी से पहुंचते हैं, जिससे शरीर इसे अच्छी तरह से इस्तेमाल कर पाता है।

### लाइफस्टाइल में बदलाव

सूर्य नमस्कार मानसिक स्पष्टता, सकारात्मकता और आत्मविश्वास बढ़ाता है। जागरूकता बढ़ने से आप बाहर ज्यादा समय बिताते हैं, अच्छा खान-पान अपनाते हैं और



कार्नर न्यूज

## अपनों को देने खास होना चाहिए आपका तोहफा

# शादियों में तोहफा देने के नाम पर दूर करें अपनी उलझन, मौजूदा दौर के ट्रेंड्स को जरूर जानिए

दोस्त की शादी में उसकी दुल्हन को कुछ खास तोहफे देकर अपनी दोस्ती को जाहिर कर सकते हैं। यहां कुछ दिल छू लेने वाले और काम के गिफ्ट आइडियाज दिए जा रहे हैं जो आपके दोस्त की दुल्हन को बेहद पसंद आएंगे। दोस्ती का रिश्ता वो है जो शादी के बाद भी नहीं बदलता। अगर आपका सबसे अच्छा दोस्त दूल्हा बन रहा है और आप उसकी होने वाली दुल्हनिया के लिए ऐसा तोहफ़ा चुनना चाहते हैं, जिससे आपकी दोस्ती की झलक भी मिले और उसका महत्व भी। साथ ही दोस्त की होने वाली जीवनसंगिनी के सामने इम्प्रेस भी जमाना है तो ये लेख आपके लिए है। शादी एक नया सफर है, जिसमें नई उम्मीदें, सपने और नई जिम्मेदारियां होती हैं, जो अब आपका दोस्त उठाने वाला है। ऐसे में उसकी शादी में कुछ खास तोहफे देकर अपनी दोस्ती को जाहिर करें। यहां कुछ दिल छू लेने वाले और काम के गिफ्ट आइडियाज दिए जा रहे हैं जो आपके दोस्त की दुल्हन को बेहद पसंद आएंगे।

### पर्सनलाइज्ड कपल प्रोट्रेट

दोस्त और उसकी पार्टनर के एक



खूबसूरत पल को कैनवास पर हमेशा के लिए सजीव कर दें। इससे बेहतर शुरुआत क्या होगी। उनकी पहली डेट या सगाई की तस्वीर, उनके नाम, खास तारीख और उनकी लव स्टोरी पर एक छोटा से कोट के साथ कस्टमाइज्ड करावा सकते हैं। ये उनके लिए खास और यादगार तोहफा होगा, जिसे वह शादी के बाद अपने कमरे में सजा सकते हैं।

### ब्राइड पैंपर किट

दुल्हन बनने की तैयारी में कई बार माइंड और स्किन दोनों स्ट्रेस में आ जाते हैं। शादी से पहले तो कई बार पार्लर जाना, मेकअप, स्किन केयर हो जाता है, लेकिन शादी के बाद लड़कियां थकावट से मुरझा सी जाती हैं। ऐसे में उन्हें ब्यूटी प्रोडक्ट्स, स्पा वाउचर और रिलैक्सिंग अरोमा कैंडल्स से भरी किट तोहफे में दे सकते हैं। ये तोहफा आपके यार के प्यार को रिलैक्स होने का मौका देगा और आपकी केयर का अहसास भी कराएगा।

### एलिगेंट मिनिमल ज्वेलरी

ऐसा गिफ्ट भी तोहफे में दे सकते हैं जो कभी स्टाइल से बाहर न जाए। दुल्हन को ब्रेसलेट, पेंडेंट या खूबसूरत इयररिंग्स तोहफे में दे सकते हैं। इस तरह के तोहफे महिलाओं को काफी पसंद आते हैं। ध्यान रखें कि दिखावे से ज्यादा उनकी पसंद मायने रखती है। इसलिए एलिगेंट मिनिमल ज्वेलरी गिफ्ट करें।

अब आपका दोस्त और उनकी पत्नी मिलकर एक नया घर बसाने जा रहे हैं। ऐसे में घर की सजावट से जुड़ा सामान तोहफे में दे सकते हैं।





## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'माइकल' बायोपिक के टीजर ने तोड़ा रेकॉर्ड, 24 घंटे में 116 मिलियन व्यूज पार



'किंग ऑफ पॉप' माइकल जैक्सन की बायोपिक का नाम 'माइकल' है। इसमें उनके भतीजे जाफर जैक्सन लीड रोल में हैं। इस बायोपिक के टीजर ट्रेलर ने रेकॉर्ड तोड़ दिया है। इसे 24 घंटे में 116 मिलियन व्यूज मिले हैं। ये फिल्म अगले साल रिलीज के लिए एकदम तैयार है। 'इनविंसिबल' सिंगर माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने रेकॉर्ड ब्रेक कर दिया है। अपने गानों से म्यूजिक की दुनिया और फैंस के दिलों पर राज करने वाले माइकल ने महज 50 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनकी बायोपिक में भतीजे जाफर जैक्सन ने उनकी भूमिका निभाई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म के वीडियो को 24 घंटे में ही 116 मिलियन व्यूज के साथ रेकॉर्ड तोड़ दिया है। 'माइकल' बायोपिक में 'किंग ऑफ पॉप' की जिंदगी को करीब से देखने का मौका मिलेगा। इसका निर्देशन एंटोनी फुक्का ने किया है। ये साल 2026 में रिलीज के लिए तैयार है। रिपोर्ट के अनुसार, 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने म्यूजिकल बायोपिक की शुरुआती फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और पिछले टॉप चार्ट के आधे से भी ज्यादा ट्रैफिक हासिल किए हैं। क्लिप में जाफर जैक्सन मूव्स करते और प्रैक्टिस करते हुए देखा गया है। खासकर मून वॉक। 'थ्रिलर' म्यूजिक वीडियो का भी टीजर दिखाया है। इसमें यंग माइकल के किरदार में जूलियानो क्रू वाल्दी, जो जैक्सन के रोल में कोलमैन डोमिंगो, कैथरीन जैक्सन का रोल निया लॉन्ग, डायना रॉस की भूमिका में कैट ग्राहम, जॉन ब्रांका के रोल में माइल्स टेलर, सुजैन डे पासे के किरदार में लारा हैरियर और क्विसी जोन्स के रोल में क्रेंड्रिक सैम्पसन हैं।

### टॉलीवुड

## 'थलाइवर 173' का निर्देशन करने की जवाबदारी अब दामाद की, सुंदर बाहर



डायरेक्टर सुंदर सी अब रजनीकांत की फिल्म 'थलाइवर 173' का निर्देशन नहीं कर रहे हैं। उनकी जगह एक नए डायरेक्टर का नाम सामने आया है, जो साउथ का जाना-माना एक्टर भी है। रजनीकांत स्टारर फिल्म 'थलाइवर 173' घोषणा के बाद से चर्चा में है। इस फिल्म को कमल हासन प्रोड्यूस कर रहे हैं। साउथ के दोनों दिग्गज एक्टर कई साल बाद साथ काम कर रहे हैं। लेकिन डायरेक्टर सुंदर सी ने इस फिल्म को करने से इंकार कर दिया है। अब फिल्म के निर्देशक को लेकर एक नए नाम की चर्चा है। यह शख्स साउथ का एक नामी एक्टर है। रजनीकांत और एक्टर का पुराना और गहरा कनेक्शन भी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रजनीकांत की फिल्म 'थलाइवर 173' को एक्टर धनुष निर्देशित कर सकते हैं। तमिल सिनेमा के लिए यह बड़ी बात होगी कि धनुष और रजनीकांत साथ काम करेंगे। बताते चलें कि धनुष रजनीकांत के दामाद हैं। रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या के साथ धनुष की शादी हुई, लेकिन अब दोनों का तलाक हो चुका है। इसके बावजूद भी रजनीकांत के परिवार के साथ धनुष के रिश्ते बहुत अच्छे हैं।

फिल्म 'थलाइवर 173' के निर्माता कमल हासन ने कुछ दिन पहले मीडिया से बात की। इस बातचीत में उन्होंने कहा, 'सुंदर सी ने फिल्म से हटने का कारण पहले ही स्पष्ट कर दिया है। मुझे इसमें और कुछ नहीं कहना है।' वह आगे कहते हैं, 'मैं एक निर्माता हूं, इसलिए मुझे ऐसी फिल्म बनानी है जो मेरे सुपरस्टार रजनीकांत को संतुष्ट करे। हम तब तक स्क्रिप्ट सुनते रहेंगे जब तक वह रजनीकांत को पसंद नहीं आती है। हम फिल्म के लिए एक और कहानी खोज रहे हैं जिस पर हम एक साथ काम कर रहे हैं।'

### भोजपुरी

## देवरानियों ने रंग के साथ बदली कहानी, दर्शकों को आएगी पसंद



रानी चटर्जी की अपकमिंग फिल्म 'हम हई जेठानी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है जिसमें वो घर तकी सबसे बड़ी बहू के रूप में नजर आ रही हैं। फिल्म में रानी रोल दिल को छू जाने वाला है, जिसमें वो अपने दोनों देवरों और देवरानी को जी-जान से प्यार करती हैं। जब घर में पता लगता है कि वो मां बनने वाली हैं तो घरवालों का रंग गिरगिट की तरह बदल जाता है और इसके बाद पलटती है पूरी कहानी। भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी की अपकमिंग फिल्म 'हम हई जेठानी' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर पारिवारिक होने के साथ-साथ घर में संपत्ति के लिए हो रही साजिश की कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है। एक्ट्रेस का रोल फिल्म में बहुत मार्मिक है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फैंस तारीफ करने से खुद को नहीं रोक पा रहे हैं और फिल्म की जल्दी रिलीज की डिमांड कर रहे हैं। एक्ट्रेस रानी चटर्जी की फिल्म 'हम हई जेठानी' का ट्रेलर 'बीफॉरयू भोजपुरी' पर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर की शुरुआत में रानी चटर्जी यानी कात्यायनी का हंसता-खेलता परिवार दिखाया गया है, जिसमें उनके दो देवर और दो देवरानी मिलकर कात्यायनी की सेवा कर रही हैं। कात्यायनी को बच्चे होने में परेशानी हो रही है लेकिन वो अपनी देवरानी के बच्चों को अपने बच्चों की तरह पालती हैं लेकिन कात्यायनी को इस बात से अनजान हैं कि उनके दोनों देवर मिलकर सिर्फ संपत्ति के लिए उनकी सेवा कर रहे हैं।

### सार्वभौमिक साड़ी

साड़ी, पारंपरिक भारतीय फैशन में एक प्रतिष्ठित प्रतीक, बहुमुखी प्रतिभा और स्थायी सुंदरता की मिसाल है। इस पारंपरिक पोशाक की अनुकूलनशीलता इसे खास बनाती है। इसे विभिन्न तरीकों से लपेटा जा सकता है, जो अक्सर क्षेत्र-दर-क्षेत्र और अवसर-दर-अवसर भिन्न है। वाराणसी की रेशम साड़ियाँ, बनारसी रेशम साड़ी के हाथ से बुने हुए खजाने, बंगाल के जीवंत और हल्के रेशम-कपास मिश्रण और तमिलनाडु की जटिल कांजीवरम रेशम साड़ी इसके कुछ उदाहरण हैं।



लाइफ स्टाइल

## सर्दियों में कैसे चुनें सही सनस्क्रीन, उपाय है यहां



विंटर में स्किन ड्राइ होती है। इसलिए टैनिंग भी ज्यादा होती है। इससे बचने के लिए आपको अपनी सनस्क्रीन का सही एसपीएफ खरीदना चाहिए। एक्सपर्ट सलाह देते हैं कि कम से कम आपकी क्रीम का एसपीएफ 30 होना चाहिए। लेकिन सर्दियों में आप इससे ज्यादा एसपीएफ वाली क्रीम खरीद सकती हैं। वो भी काफी अच्छी होती है। ऐसी सनस्क्रीन चुनें जिसमें स्पेक्ट्रम प्रोटेक्शन ज्यादा हो। क्योंकि सर्दियों में स्किन को नमी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इसके (सनस्क्रीन के फायदे) लिए आप ऐसे क्रीम खरीद सकती हैं जिसमें डाइऑक्साइड, जिंक ऑक्साइड, या एवोबेनज़ोन जैसे तत्व मौजूद हों। बाजार में आपको ऐसी क्रीम आसानी से मिल जाएगी, जिसका इस्तेमाल आप रोजाना कर सकती हैं। अगर आपकी स्किन ज्यादा ड्राई है तो सर्दियों के लिए बेस्ट है कि आप लाइट वेट सनस्क्रीन को चूज करें। इससे आपकी स्किन पर किसी तरह की कोई इरिटेशन भी नहीं होगी। साथ ही स्किन सॉफ्ट रहेगी। बस इस बात का ध्यान रखें कि इससे आपको तकलीफ न हो।

कई बार होता है कि हम अपनी स्किन को प्रोटेक्ट करने के लिए ज्यादा सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन ऐसा (स्किन को हाइड्रेट रखने का तरीका) बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। इससे स्किन में इरिटेशन हो सकती है।

### सही सनस्क्रीन चुनने के उपाय

ब्रॉड-स्पेक्ट्रम चुनें: सुनिश्चित करें कि यह यूवीए (झुर्रियों का कारण) और यूवीबी (सनबर्न का कारण) दोनों किरणों से बचाए। कम से कम एसपीएफ 30 चुनें, और अगर ज़्यादा धूप या बर्फ में हैं तो एसपीएफ 50+ बेहतर है, क्योंकि बादल होने पर भी यूवी किरणें आती हैं। त्वचा को रूखेपन से बचाने के लिए हयालूरोनिक एसिड, ग्लिसरीन, सेरामाइड्स, या एलोवेरा वाले क्रीम-बेस्ड चुनें। रूखी त्वचा के लिए रिच, क्रीम-बेस्ड, हाइड्रेटिंग सनस्क्रीन, तैलीय त्वचा के लिए हल्का जेल या वॉटर-बेस्ड, संवेदनशील त्वचा के लिए जिंक ऑक्साइड या टाइटेनियम डाइऑक्साइड वाले मिनरल सनस्क्रीन होना चाहिए। अल्कोहल, कृत्रिम सुगंध वाले भारी सनस्क्रीन से बचें, क्योंकि ये त्वचा को और सुखा सकते हैं।

## फंक्शन में दिखना है खास तो लहंगे के ये लेटेस्ट डिजाइंस आपके लिए



हर शादी व फंक्शन में जाने के लिए हम अक्सर ट्रेडिशनल वियर को ही पहनना पसंद करते हैं। इसके लिए ज्यादातर लोग लहंगे को पहनते हैं। हालांकि इसमें आपको कई डिजाइंस लगभग हर ऑफ़लाइन और ऑनलाइन स्टोर्स पर आसानी से मिल जाएंगे। आजकल की बात करें तो हम सेलिब्रिटीज के जैसे डिजाइनर लहंगे पहनना पसंद करते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लहंगे के कुछ खास डिजाइंस जिन्हें आप इस वेडिंग सीजन के लिए ट्राई कर सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन ट्रेडिशनल लुक्स को स्टाइलिश बनाने के आसान टिप्स।



### ब्लैक लहंगा डिजाइन

ब्लैक कलर अपने आप में काफी क्लासी लुक देने में मदद करता है। इस खूबसूरत लहंगे को डिजाइनर सब्यासाची ने डिजाइन किया है। इस तरह के मिलते-जुलते लहंगे आपको मार्केट में लगभग 3,000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के लुक के साथ शैम्पेन गोल्डन कलर की ज्वेलरी को पहन सकती हैं।



### वेलवेट लहंगा डिजाइन

ठंड से बचने और स्टाइलिश दिखने के लिए आप वेलवेट फैब्रिक से बने लहंगे को पहन सकती हैं। इस तरह के डिजाइनर आउटफट को मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। इस तरह के मिलते-जुलते लहंगे आपको मार्केट में लगभग 5,000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे। इस तरह के लुक के साथ आप सिंपल और स्लीक हेयर स्टाइल को चुन सकती हैं।

### ऑफ व्हाइट लहंगा डिजाइन

दिन की शादी में जा रही हैं तो इस तरह के सोबर कलर को ट्राई करें। इसे डिजाइनर फराज़ मनन द्वारा डिजाइन किया गया है।

## स्लिक हेयर बेक स्टाइल के लिए करनी होती है खास तैयारी



स्लिक हेयर बेक लुक में आपने कई हीरो को देखा होगा। लेकिन बालों को सिर्फ पीछे कर लेने से ही ये स्टाइल नहीं बन जाता है। बल्कि इसके लिए कुछ तैयारी भी करनी होती है। ताकि ये स्टाइल कुछ देर तक तो रुके ही।

इसके लिए बालों को स्टाइल देने के दौरान भी कुछ टिप्स फॉलो करने होंगे। इतना ही नही ये स्टाइल देने के पहले भी कुछ टिप्स आजमा लिए जाएं तो ये स्टाइल कैरी करना आसान हो जाता है। इसके लिए क्या-क्या करना होगा जानिए-

बालों को धोने के बाद इन्हें हवा में सूखने न दें। बल्कि इन्हें टॉवल से बस पोंछ दें। दरअसल हल्के गीले बालों में स्टेलिंग प्रोडक्ट अच्छे से एक्टिवेट हो पाते हैं। बाल ग्रीसी न हों, याद रखें क्योंकि बाल जितने ज्यादा ग्रीसी होंगे इनका स्टाइल उतनी ही जल्दी खराब होता जाएगा।

इस हेयर स्टाइल के लिए बड़े दांतों वाला कंघा ही इस्तेमाल करें। इससे बाल आसानी से पीछे की ओर जाते हैं। अब कंघे को शुरू में रूट से पीछे की ओर न ले जाएं। बल्कि शुरू में इन्हें बालों के अंत की ओर से चलाएं। इसके बाद धीरे-धीरे रूट से कंघा चलाना शुरू करें।

अब बालों को थोडा आराम दें। ये कुछ देर में अपनी जगह सेट हो जाएंगे। बालों को पूरी तरह ब्लो ड्राय न करें। इससे बालों को स्ट्रेट होने में मदद मिलेगी। अब आप चाहें तो बालों को स्ट्रेट या अपनी जगह स्टिक रखने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन प्रोडक्ट को बालों के बाहर की ओर लगाएं। इनको 15 से 20 सेकंड के लिए सेटेल होने दीजिए।

अब अपने हाथों को बालों के ऊपर चलाएं ताकि प्रोडक्ट पूरे सिर पर आसानी से फैल सके। प्रोडक्ट के हाथों में लग जाने का डर है तो हल्के गर्म पानी में हाथों को डुबो लें और फिर बालों में प्रोडक्ट को डिस्ट्रीब्यूट करें।

## फटी-पुरानी साटन साड़ी को फेंके नहीं इन तरीकों से करें इनका दोबारा इस्तेमाल

अक्सर अलमारी में बंद पड़े बिना ज्यादा इस्तेमाल हुए रखें ही रह जाते हैं और आखिर फैब्रिक कमजोर होकर फट जाता है। ज्यादातर ऐसा साड़ी के साथ होता है और बदलते फैशन ट्रेंड में हम साड़ी को ज्यादा बार नहीं पहन पाते हैं, जिसके कारण ये अलमारी में रखी ही रह जाती हैं। बता दें कि पुरानी साड़ी को आप आसानी से रीसायकल कर सकती हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं साटन साड़ी को रीसायकल करने का आसान तरीका ताकि आप पैसे बचाकर पुरानी साड़ी से ही कई साड़ी नयो चीजें बना पाएं।

### सिरहाने के कवर बनाने में आ सकते हैं काम

हम ज्यादातर रेडीमेड सिरहाने के कवर खरीदते हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि आप साटन साड़ी को रीसायकल कर दोबारा इस्तेमाल करने के लिए इनसे अपने सिरहाने के कवर बनवा सकती हैं। साथ ही चाहे तो आप दूसरी किसी साड़ी की मदद से पाइपिंग वाला बॉर्डर भी बना सकती हैं और इसे फैंसी लुक दे सकती हैं। साटन का फैब्रिक एक तरफ से बेहद मुलायम होता है दूसरी तरफ से खुदरा होता है। इसकी मदद से आप



काफी स्टाइलिश कलरफुल और अपनी जरूरत के अनुसार कलर कॉम्बिनेशन का बैग बनवा सकती हैं। कोशिश करें कि बैग बनवाने के लिए आप सभी चीजें सही तरीके से माप लें ताकि आसानी से आप इसे कैरी कर पाएं।

### साड़ी की मदद से कैसे बनाएं चीजें?

इन सबसे अलग आप चाहे तो घर पर लगाने वाले डेकोरेशन आइटम्स भी पुरानी साटन साड़ी की मदद से बना सकती हैं। बता दें कि इसके लिए आप दीवार पर वाल हैंगिंग या लैंप कवर जैसी कई अन्य चीजें भी बना सकती हैं। इसके लिए आप कोशिश करें कि प्रिंटेड साटन साड़ी का चुनाव करें।

कार्नर न्यूज

### ऐसे बनाएं खुद को अट्रैक्टिव और फैशन के जादू से अपनी लेडी लव को लाएं करीब

## मेंस फैशन में चुनिए ऐसा जो आपको हजारों की भीड़ में भी अलग दिखाए, खुद को भी होगी तसल्ली

पुरुष कैसे कपड़े पहनें जो लड़कियों को देखने में अट्रैक्टिव लगें? ज्यादातर पुरुषों के दिमाग में ऐसे सवाल आते हैं। क्योंकि हम अच्छी तरह से ड्रेस अप अपने आप को निखारने के लिए करते हैं। यही बात आपको हजारों की भीड़ में किसी के लिए खास बना देती है। इसलिए फैशन सेंस को महत्वपूर्ण माना जाता है। खासकर, अगर आप डेटिंग की सोच रहे हैं या अपनी क्रश को इंप्रेस करना चाहते हैं तो ये और भी महत्वपूर्ण बन जाता है। क्योंकि आप उसके करीब रहना चाहते हैं और उसे अपने पास बनाए रखना पसंद करते हैं। मगर अपीलिंग फैशन के लिए कोई गारंटी वाला फार्मूला नहीं है।

हां, हम यहां पर ऐसी कुछ बातें जरूर बताएंगे। जिससे आपके लिए फैशन से आकर्षित करना आसान हो जाएगा। लेकिन ये भ्रम न पालें कि लड़की दौड़ी चली आएगी और लिपट जाएगी। जैसा कि कई परफ्यूम ब्रांड वाले अपने विज्ञापन में दिखाते हैं। अब हम अपने फैशन में करने वाले बदलाव की बात करते हैं-



### ट्रेंडी ड्रेस पहनें

फैशन हर साल बदलता है। इसलिए सबसे पहले सीजन का खास ख्याल रखें। गर्मी के मौसम में ट्रेंडी समर ड्रेस पहनें। इसके अलावा सर्दी में विंटर ड्रेस पहनें। मगर पुरानी ड्रेस को अलविदा कहना होगा। आपको अपने वार्डरोब में कुछ नए कपड़े शामिल करने होंगे। जैसे- कई लड़के अपनी गर्मी की टी-शर्ट को बदलने का नाम नहीं लेते। कम से कम 3-4 साल तक उसको पहनते रहते हैं। ऐसे में उस कपड़े से नई जैसी चमक चली जाती है जिससे आप डल दिखाई देते हो। इसलिए हमेशा टॉप वियर को हर साल बदल दें।

### फंकी न बनें

आप अपनी क्रश को इंप्रेस करने के लिए फंकी बनकर न जाएं। फंकी लुक गलत नहीं है। मगर बहुत कम लड़कियों को ऐसे में लुक वाले लड़के पसंद आते हैं। इसलिए अगर आप पंजाबी गानों से बहुत अधिक प्रभावित होकर खुद को फंकी न बनाएं। आप ऐसे ड्रेस पहनें जिसमें कूल दिखें। क्लासी लुक वाले लड़के अधिक अपीलिंग होते हैं। इसलिए खुद को फंकी लुक से दूर रखें। हालांकि ये बात सेलेब अप्रूव्ड भी है। एक्टर नीरज ने भी डेटिंग के लिए ड्रेसिंग टिप्स दिए जिसमें कि फंकी ड्रेस से दूर रहने की सलाह दी।

### पहनें एक शानदार घड़ी

यहां पर हम एक शानदार दिखने वाली घड़ी की बात कर रहे हैं न कि, महंगी या लग्जरी घड़ी। अगर आपकी कलाई में एक शानदार दिखने वाली घड़ी है तो ये आपके फैशन को नेक्स्ट लेवल पर लेकर जाएगी।

